● सीधी, सिंगरौली, मऊगंज, रीवा एवं भोपाल से एक साथ प्रकाशित ● website-https://vindhyatiger.in ● epaper-https://epaper.vindhyatiger.in ● वर्ष : 36, अंक 218, पृष्ठ : 08, सीधी, शुक्रवार, 20 सितम्बर 2024 - मूल्य : 2.00 रुपया मात्र



दैनिक समाचार पत्र

हक की बात, बुलंदी के साथ

# विन्ध्य टाइगर




एक देश एक चुनाव को लेकर सियासी हलको में विरोध 5

अश्विन का चेन्नई में गरजा बल्ला, ठोका शतक 6

## स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिये आगे बढ़ें : राष्ट्रपति

**भोपाल।** राष्ट्रपति श्रीमती द्रौपदी मुर्मु ने कहा है कि स्वच्छ भारत, स्वस्थ भारत और विकसित भारत के निर्माण के लिये सभी आगे बढ़ें। स्वच्छता ही देश को स्वस्थ और विकसित बना सकती है। देश का प्रत्येक व्यक्ति इस कार्य में सहयोग करे और सब मिलकर देश को विकसित राष्ट्र बनायें। मध्यप्रदेश ने शहरी और ग्रामीण स्वच्छता के क्षेत्र में अग्रणी स्थान प्राप्त किया है। मध्यप्रदेश के कई शहरों को सफाई के लिये श्रेष्ठ शहर घोषित किया गया है। इन्दौर निरन्तर 7वीं बार देश का स्वच्छतम शहर घोषित हुआ है। भोपाल स्वच्छतम राजधानी बनी है। राष्ट्रपति ने स्वच्छता के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों के लिए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और उनकी पूरी टीम को बधाई और शुभकामनाएं दी।




राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु आज उज्जैन में सफाई मित्रों के सम्मान समारोह को सम्बोधित कर रही थीं। उन्होंने सफाई मित्रों श्रीमती रश्मि टांकले, श्रीमती किरण खोड़े, श्रीमती शोभा घावरी, श्रीमती अनिता चावरे और श्री गोपाल खरे का सम्मान भी किया। राष्ट्रपति ने 1692 करोड़ रुपये की लागत से बनने वाले उज्जैन-इन्दौर सिक्स-लेन मार्ग का भूमि-पूजन भी किया। प्रारम्भ में राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु का राज्यपाल श्री मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने पुष्पगुच्छ भेंटकर स्वागत किया और उन्हें श्रीमहाकाल लोक की प्रतिकृति प्रदान की। इस अवसर पर उप मुख्यमंत्री श्री जगदीश देवड़ा, प्रभारी मंत्री श्री गौतम टेटवाल, नगरीय विकास एवं आवास मंत्री श्री कैलाश विजयवर्गीय, लोक निर्माण मंत्री श्री राकेश सिंह, जल संसाधन मंत्री श्री तुलसीराम सिलावट और नगरीय विकास एवं आवास राज्य मंत्री श्रीमती प्रतिमा बागरी भी उपस्थित थे। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि अवन्तिका बाबा महाकाल की पवित्र, दिव्य एवं पावन नगरी है। गुप्तकाल भारतीय इतिहास का स्वर्ण युग रहा है और उस समय उज्जैन भारत का महत्वपूर्ण नगर था। यहां संस्कृति और सभ्यता की प्राचीन परम्परा है। राष्ट्रपति श्रीमती मुर्मु ने कहा कि आज से 2000 वर्ष पूर्व उज्जैन परिवहन व्यवस्था का उत्कृष्ट केन्द्र था। यह अन्तर्राष्ट्रीय व्यापार का केन्द्र भी था। महाकवि कालिदास ने मेघदूत में उज्जयिनी की विशालता और भव्यता का अदभुत चित्रण किया है।

## मथुरा में रेल हादसा, मालगाड़ी के 25 डिब्बे पटरी से उतरे

**नई दिल्ली।** आगरा-दिल्ली डाउन रेल रूट पर बुधवार रात हादसा हो गया। यहां कोयला लदी मालगाड़ी के 25 डिब्बे डिरेल हो गए। इनमें पांच डिब्बे अप रूट पर गिर गए। इससे दोनों तरफ रेल ट्रैक अवरुद्ध हो गया। कई ट्रेनों को रास्ते में ही रोक दिया गया और कुछ का रूट बदला गया। जानकारी के अनुसार, आगरा की ओर से दिल्ली रूट पर बुधवार रात मालगाड़ी जा रही थी। वृंदावन रेलवे स्टेशन से आझई के बीच रात्रि 07.54 बजे डिरेल हो गई। 25 डिब्बे पटरी से उतर गए और 5 पलट गए। रेलवे ने दिल्ली से आगरा आने वाली इंटरसिटी और मेवाड़ एक्सप्रेस को छाता पर को पर रोक दिया गया। वहीं, तेलांगाना एक्सप्रेस को कोसीकलां स्टेशन, उत्तर प्रदेश संपर्क क्रांति, केरला एक्सप्रेस और कर्नाटक एक्सप्रेस को पलवल स्टेशन पर रोका गया।

## कांग्रेस-एनसी के घोषणापत्र से पाकिस्तान खुश : पीएम

**श्रीनगर।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गुरुवार को जम्मू कश्मीर में दो जनसभाएं कीं। उन्होंने कटरा में कहा कि कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस को लेकर पाकिस्तान में बहुत उत्साह है। वहां इन दोनों पार्टियों की बल्ले-बल्ले हो रही है। इनके घोषणापत्र से पड़ोसी देश बहुत खुश है।

पीएम ने कहा कि ये सब मिलकर जम्मू-कश्मीर में आतंक फैलाना चाहते हैं, लेकिन कोई भी ताकत 370 वापस नहीं ला सकती।

वहीं, शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम में पीएम ने कहा, हमने देश की संसद में कहा है कि जम्मू-कश्मीर को दोबारा राज्य का दर्जा दिलाएंगे। भाजपा ही इसे पूरा करेगी। इसलिए मेरी आपसे अपील है कि 25 सितंबर को वोटिंग के सारे रिकॉर्ड टूटने चाहिए। इसके पहले 14 सितंबर को पीएम मोदी ने नेशनल कॉन्फ्रेंस, पीडीपी और



कांग्रेस को लेकर कहा, इन तीन खानदानों ने अपनी सियासी दुकान चलाने के लिए दशकों तक घाटी में नफरत का सामान बेचा है। इनके कारण ही यहां के युवा तरक्की नहीं कर पाए। पिछले 6 दिन में मोदी का यह दूसरा कश्मीर दौरा है। इससे पहले वे 14 सितंबर को डोडा पहुंचे थे। पाकिस्तान में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस की चर्चा पीएम ने कहा कि पाकिस्तान के डिफेंस मिनिस्टर ने इन दोनों पार्टियों का खुलकर समर्थन किया है। उनका कहना है कि आर्टिकल 370 और 35 ए को लेकर कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस का जो एजेंडा है, वही एजेंडा पाकिस्तान का है।

## सीआरपीएफ की कैंटीन में मणिपुर के लोगों को सामान मिलेगा

**नई दिल्ली।** हिंसा से जूझ रहे मणिपुर की राजधानी इंफाल में आम लोगों को सेंट्रल रिजर्व पुलिस फोर्स की कैंटीन से सामान मिलने लगा। इसकी शुरुआत बुधवार से से हुई। कैंटीन में सामान पर 30 से 40% डिस्काउंट भी होगा। यहां सीआरपीएफ के 21 भंडार पहले से थे, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह के प्लान पर 16 आउटलेट और खोले गए हैं। जरूरत का सामान खरीदने के लिए लांगजिंग इलाके की सीआरपीएफ कैंटीन में लोगों की भीड़ उमड़ पड़ी।

कैंटीन पर पहुंचे स्थानीय व्यक्ति ने कहा- यहां चीजें बहुत सस्ते दाम पर मिल रही है। मार्केट से सामान खरीदने में कठिनाई आ रही थी, क्योंकि सड़कें ब्लाक है, साथ ही सामान महंगा भी है। वहां जाने में रिस्क भी है। सीआरपीएफ कैंटीन में सामान सस्ता भी है और यहां सुरक्षा की गारंटी भी है।

जनता के लिए साढ़े तीन घंटे खुलेगा स्टोर सीआरपीएफ कैंटीन में आम लोगों के लिए सुबह 9.30 से दोपहर 1 बजे तक सामान दिया जाएगा। हफ्ते में चार दिन- सोमवार, मंगलवार, बुधावार और शुक्रवार को यह सुविधा मुहैया रहेगी। गुरुवार, शनिवार और रविवार को ये स्टोर आम लोगों के लिए बंद रहेंगे। सीआरपीएफ के आईजी विपुल कुमार ने एएनआई को बताया- मिनिस्टरी ऑफ होम अफेयर्स की गाइडलाइन के तहत हमारे सभी ऑफिसर काम पर हैं। वह यह देख रहें हैं कि स्टोर में सभी सामान उपलब्ध हो। घाटी के जिलों में 16 और पहाड़ी जिलों में 8 स्टोर खोले गए हैं।

हिंसा के बाद से अब तक 6,523 एफआईआर दर्ज हुई मणिपुर में हिंसा की वजह से 120 से ज्यादा गांव, 3,500 घर, 220 चर्च, और 15 मंदिर जल गए। हिंसा के चलते स्कूल और खेत भी बर्बाद हो गए।

## देश में 70 फीसदी लोग अपनी नौकरी से नाखुश

**इंदौर।** एक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि भारत में 70% कामकाजी पेशेवर अपनी जॉब से नाखुश है। यह रिपोर्ट ऐसे समय में आई है, जब एक शीर्ष फर्म की 26 साल की कर्मचारी की मौत हो गई। उसकी मां ने आरोप लगाया कि वर्कलोड के कारण उसकी प्रतिभाशाली बेटी की असामयिक मृत्यु हो गई। हैप्पीएस्ट प्लेस टू वर्क द्वारा हैप्पीनेस रिसर्च अकादमी के सहयोग से किए गए इस स्टडी में दुखद तस्वीर पेश की गई है। रिपोर्ट में गंभीर परिदृश्य को उजागर किया गया है, क्योंकि बड़ी संख्या में कर्मचारियों का कहना है कि वे अपनी जॉब छोड़ने के बारे में सोच रहे हैं।

## मुख्यमंत्री कोलकाता मे उद्योगपतियों से करेंगे चर्चा

**भोपाल।** मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव मध्यप्रदेश के हर क्षेत्र का संतुलित आर्थिक विकास के लक्ष्य को लेकर देश के कई बड़े औद्योगिक नगरों में रोड-शो के माध्यम से निवेश बढ़ाने के लिये उद्योगपतियों से चर्चा कर रहे हैं। इस नवाचार के कई सार्थक परिणाम सामने आये हैं। इसी क्रम में कोलकाता के होटल जेडब्ल्यू मैरियट में 20 सितम्बर 2024 को होने वाली जीआईएस में मुख्यमंत्री डॉ. यादव देश-विदेश से आने वाले उद्योगपतियों, औद्योगिक संगठनों से प्रदेश में निवेश को लेकर चर्चा करेंगे। यह रोड शो उद्योगपतियों और सरकार के बीच सीधे संवाद का एक महत्वपूर्ण मंच साबित होगा। कोलकाता जीआईएस में देश-विदेश से आये लगभग 350 डेलीगेट्स 60 से अधिक मुख्य अतिथि एवं 8 से अधिक देशों के कांसुलेट एवं प्रतिनिधि सहभागिता करेंगे। इस महत्वपूर्ण आयोजन का उद्देश्य बंगाल और मध्यप्रदेश के बीच निवेश के अवसरों को बढ़ावा देना साथ ही व्यापारिक संबंधों को और प्रगाढ़ बनाना है।

मुख्यमंत्री डॉ. यादव कोलकाता के प्रतिष्ठित उद्योगपति, निवेशक और व्यावसायिक संगठनों के प्रतिनिधियों से मध्यप्रदेश के औद्योगिक विकास, उद्योग अनुकूल नीतियों और निवेश के अवसरों से अवगत करायेंगे।

यह रोड-शो मध्यप्रदेश सरकार की उन योजनाओं का हिस्सा हैं, जो राज्य को एक प्रमुख निवेश स्थल के रूप में स्थापित करने के उद्देश्य से चलाई जा रही हैं। कोलकाता का रोड-शो, इन्वेस्ट इन मध्यप्रदेश को सफल बनाने में क्रांतिकारी भूमिका निभाएगा, जो मध्यप्रदेश के विकास और औद्योगिक प्रगति को नई ऊँचाईयों पर ले जाएगा।

## 20, 21, 22 और 23 सितंबर को लगातार 4 दिन बैंकों में छुट्टी

**नई दिल्ली।** सितंबर माह से त्योहारों की शुरुआत हो गई है। त्योहारों का असर बैंकों की छुट्टियों पर भी पड़ता है। इस महीने की शुरुआत से पहले ही आरबीआई ने छुट्टियों की लिस्ट जारी कर दी थी।

आरबीआई के मुताबिक, सितंबर माह में अलग-अलग राज्यों में 15 दिन बैंक बंद रहेंगे। ताजा खबर है कि 20 सितंबर, शुक्रवार से बैंक लगातार चार दिन बंद रहेंगे। इससे पहले पिछले हफ्ते बैंक लगातार तीन दिन बंद रहे थे।

## राजस्थान-एमपी में अगले 4 दिन बारिश नहीं, हिमाचल में बर्फबारी, पहाड़ों पर ठंड

**नई दिल्ली।** मौसम विभाग ने आज देश के किसी भी राज्य में तेज बारिश का अलर्ट जारी नहीं किया है। राजस्थान में भी अगले चार दिन बारिश नहीं होगी। प्रदेश में इस मानसून सीजन अब तक 59 फीसदी से ज्यादा बारिश दर्ज की गई है।

मध्यप्रदेश में बुधवार को ग्वालियर, इंदौर समेत 12 जिलों में बारिश हुई। हालांकि आज एमपी में भी बारिश की संभावना नहीं है। यहां अगले चार दिन सिर्फ बादल छाए रहेंगे। उधर बिहार में गंगा नदी के खतरे के निशान के ऊपर बहने से 76 सरकारी स्कूल अगले 3 दिन तक बंद रहेंगे। वहीं हिमाचल प्रदेश में बीते तीन-चार दिनों में हुई बारिश और बर्फबारी से लाहौल-स्पीति और किन्नौर के तापमान में भारी गिरावट आई है। पहाड़ों पर ठंड होने लगी है। हिमाचल प्रदेश में 50 सड़कें बंद हिमाचल प्रदेश में बारिश के कारण बुधवार को 50 सड़कें बंद रहीं। राज्य के कुछ हिस्सों में मीडियम बारिश हुई। 1 जून से 17 सितंबर तक चल रहे मानसून सीजन के दौरान बारिश में 18 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई। राज्य में 18 सितंबर तक औसत 698.3 एमएम बारिश के मुकाबले 569.3 एमएम बारिश हुई।

## राहुल को आतंकी कहने पर केंद्रीय मंत्री बिट्टू पर एफआईआर

### मंत्री बोले- संसद में भी बोलूंगा, गांधी परिवार ने पंजाब को जलाया

**नई दिल्ली।** राहुल गांधी के खिलाफ विवादित टिप्पणी करने पर केंद्रीय मंत्री रवनीत सिंह बिट्टू के खिलाफ एफआईआर दर्ज की गई है। कर्नाटक प्रदेश कांग्रेस कमेटी के एक पदाधिकारी ने इसकी शिकायत की थी।

बिट्टू पर भारतीय न्याय संहिता की धारा 353(2) (झूठी जानकारी या अफवाह फैलाना), 192 (दंगा भड़काने की कोशिश) और 196 (धर्म और जाति के आधार पर नफरत फैलाना) के तहत केस दर्ज किया गया है। इसके बाद केंद्रीय मंत्री ने कहा कि




मैं अपने बयान पर माफी नहीं मानूंगा, बल्कि सांसद में भी बोलूंगा कि गांधी परिवार ने पंजाब जलाया। हमने पंजाब में अपनी कई पीढ़ियां खोई हैं।

दरअसल, बिट्टू ने 15 सितंबर को कहा था कि राहुल गांधी देश के नंबर-1 आतंकवादी हैं। उनको पकड़ने वाले को इनाम दिया जाना चाहिए, क्योंकि वे देश के सबसे बड़े दुश्मन हैं। नड्डा का खड़गे को जवाब, कहा- राहुल की करतूतें न भूलें भाजपा राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा ने 18 सितंबर को कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे के नाम ओपन लेटर लिखा। नड्डा ने लिखा कि आप राहुल गांधी समेत अपने नेताओं की करतूतों को भूल गए हैं या फिर उन्हें जानबूझ कर नजरअंदाज किया।

यह उस चिट्ठी का जवाब है, जो खड़गे ने 17 सितंबर को पीएम मोदी की नाम लिखी थी। जिसमें उन्होंने राहुल गांधी को लेकर विवादित बयान देने वाले भाजपा नेताओं के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। नड्डा ने कहा- किस मजबूरी के चलते राहुल को सही बता रहे भाजपा अध्यक्ष ने अपनी चिट्ठी में खड़गे से पूछा कि जिस व्यक्ति का इतिहास ही देश के प्रधानमंत्री समेत पूरे ओबीसी समुदाय को चोर कहकर गाली देने का रहा हो, जिसकी मानसिकता पूरा देश जानता हो, उस राहुल गांधी को सही ठहराने की कोशिश आप किस मजबूरी के चलते कर रहे हैं?

## आतिशी के साथ नई कैबिनेट की शपथ 21 सितंबर को

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री चुनी गईं आतिशी 21 सितंबर को पद की शपथ लेंगी। आतिशी अपनी कैबिनेट के साथ शपथ लेंगी। कैबिनेट में मुकेश अहलावत नया चेहरा होंगे।

आप ने बताया कि मुकेश सामाजिक न्याय मंत्री राजकुमार आनंद की जगह लेंगे। अहलावत दिल्ली की सुल्तानपुर माजरा सीट से विधायक हैं। वे आम आदमी पार्टी का दलित चेहरा हैं।

दिल्ली सरकार की कैबिनेट में मुख्यमंत्री समेत सात सदस्य हैं। नए मुख्यमंत्री और नए सदस्यों का कार्यकाल छोटा होगा, क्योंकि मौजूदा विधानसभा का कार्यकाल फरवरी 2025 तक है। कैबिनेट में गोपाल राय, कैलाश गहलोत, सौरभ भारद्वाज और इमरान हुसैन मंत्री पद पर बरकरार रहेंगे। सातवें सदस्य के नाम की घोषणा अभी नहीं की गई है।

अरविंद केजरीवाल ने 17 सितंबर को विधायक दल की बैठक में आतिशी के नाम का प्रस्ताव रखा था। इसके बाद उन्हें मुख्यमंत्री चुना गया। इसी दिन केजरीवाल ने अपना इस्तीफा दिया था।

## मोदी को मिले तोहफों की ई-नीलामी शुरू

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री मोदी को मिलने वाले मेमेंटो और गिफ्ट आइटम की ई-नीलामी की शुरुआत 17 सितंबर से हो गई है। इसकी घोषणा गुरुवार 19 सितंबर को पीएम ने की। छह साल में पहली बार सबसे कम 600 आइटम्स की नीलामी होगी। इनका बेस प्राइस 600 रुपए से लेकर करीब 10 लाख रुपए तक है।

पीएम मोदी ने X पर लिखा कि आपको जो मेमेंटो और गिफ्ट आइटम पसंद आएं, उसे जरूर खरीदें। केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने भी कहा कि यह नीलामी 2 अक्टूबर तक चलेगी। ये इतिहास को संरक्षित रखने के साथ ही लोगों के भलाई में भी योगदान देती है। सबसे पहली बार नीलामी जनवरी 2019 में हुई थी। अब तक करीब 7000 से ज्यादा तोहफों को ई-नीलामी में रखा जा चुका है।

## कल प्रदेश भर में कांग्रेस निकालेगी किसान न्याय यात्रा, 1 लाख से ज्यादा किसान ट्रैक्टर लेकर उतरेंगे सड़कों पर

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कांग्रेस किसानों की समस्याओं और मांगों को लेकर शुक्रवार को प्रदेशभर में किसान न्याय यात्रा निकालने जा रही है। सभी जिलों में निकलने वाली इस किसान न्याय यात्रा में कांग्रेस की ओर से ट्रैक्टर रैलियां निकाली जाएंगी। जानकारी के मुताबिक इस दौरान प्रदेशभर में एक लाख से अधिक किसान ट्रैक्टर लेकर सड़कों पर उतरेंगे। इंदौर में किसान न्याय यात्रा में प्रदेशाध्यक्ष जीतू पटवारी खुद शामिल होंगे। इधर गुरुवार को कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता किसान न्याय यात्रा को लेकर बुधनी पहुंचे और सरकार से सोयाबीन के 6000, मक्का 3100 और गेहूं का समर्थन मूल्य 3250 रुपये करने की मांग की। सोयाबीन का भाव 6000, धान का 3100 और बाजरे का भाव 2300 रुपए करने की मांग इस यात्रा के दौरान जोरशोर से उठाई जाएगी। किसान कांग्रेस के अध्यक्ष मुरैना विधायक दिनेश गुर्जर ने बताया कि पार्टी की सभी विधायक, लोकसभा विधानसभा प्रत्याशी रहे नेता, पदाधिकारी सभी एक साथ अपने-अपने इलाकों में सड़कों पर किसानों का साथ यात्रा में शामिल होंगे। मध्य प्रदेश में किसानों के साथ हो रहे अत्याचार को लेकर एक बार फिर कांग्रेस सड़कों पर उत्तर चुकी है। कांग्रेस अपनी 7 सूत्रीय मांगों को लेकर केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह के गढ़ में विरोध प्रदर्शन किया। इसी कड़ी में गुरुवार को कांग्रेस के दिग्गज नेता और कार्यकर्ता किसान न्याय यात्रा को लेकर बुधनी पहुंचे और सरकार से सोयाबीन के 6000, मक्का 3100 और गेहूं का समर्थन मूल्य 3250 रुपये करने की मांग की।

## पाकिस्तान और कांग्रेस का एजेंडा एक : शाह

### राहुल भारत विरोधी ताकतों के साथ, पाक रक्षा मंत्री बोले थे- 370 की बहाली चाहते हैं

**श्रीनगर।** पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ के जम्मू-कश्मीर पर दिए बयान पर विवाद हो गया है। आसिफ ने कहा था कि वे भी कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस गठबंधन की तरह जम्मू-कश्मीर में आर्टिकल 370 की बहाली चाहते हैं।

ख्वाजा के इस बयान पर गृह मंत्री अमित शाह ने कहा- कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे और एजेंडा एक ही हैं। पिछले कुछ सालों से राहुल गांधी हर एक भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े दिखे हैं।

जम्मू-कश्मीर के भाजपा प्रभारी और पार्टी के राष्ट्रीय महासचिव तरुण चुघ ने कहा- पाकिस्तान के रक्षा मंत्री के बयान से यह स्पष्ट हो गया है कि राहुल



गांधी और फारूक अब्दुल्ला पाकिस्तान की भाषा बोलते हैं। वे पाकिस्तान के इशारों पर नाच रहे हैं। नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस जम्मू-कश्मीर में पाकिस्तान की कठपुतली के रूप में काम कर रहे हैं। दरअसल, जम्मू-कश्मीर विधानसभा चुनाव में कांग्रेस और नेशनल कॉन्फ्रेंस एक साथ मिलकर चुनाव लड़ रही हैं। फारूक अब्दुल्ला ने कहा था कि अगर गठबंधन सत्ता में आता है तो आर्टिकल 370 को वापस लाएंगे।

पाक रक्षा मंत्री बोले- संभावना है जम्मू-कश्मीर में कॉन्फ्रेंस की सरकार बनेगी पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ख्वाजा आसिफ पाकिस्तानी न्यूज चैनल जियो न्यूज से चर्चा कर रहे थे। पाकिस्तानी पत्रकार हामिद मीर ने ख्वाजा से जब सवाल किया तो उन्होंने कहा था, हम आर्टिकल 370 और 35ए की बहाली पर एकमत हैं।

पाकिस्तान के रक्षा मंत्री ने यह भी दावा किया कि अगर नेशनल कॉन्फ्रेंस-कांग्रेस गठबंधन जम्मू-कश्मीर में सत्ता में आता है तो आर्टिकल 370 वापस आ सकता है।

ख्वाजा ने कहा- मुझे लगता है कि यह संभव है। वर्तमान में, नेशनल कॉन्फ्रेंस और कांग्रेस का वहां बहुत दबदबा है। घाटी की आबादी इस मुद्दे पर संवेदनशील है और संभावना है कि कॉन्फ्रेंस (नेशनल कॉन्फ्रेंस) सत्ता में आएगी।

गृह मंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा, पाकिस्तान के रक्षा मंत्री का आर्टिकल 370 और 35ए पर कांग्रेस और जेकेएनसी के समर्थन की बात ने एक बार फिर कांग्रेस को एक्सपोज कर दिया। इस बयान ने फिर एक बार यह स्पष्ट कर दिया कि कांग्रेस और पाकिस्तान के इरादे भी एक हैं और एजेंडा भी। पिछले कुछ वर्षों से राहुल गांधी देशवासियों की भावनाओं को आहत करते हुए भारत विरोधी ताकतों के साथ खड़े रहे हैं।

शाह ने आगे लिखा, एयर स्ट्राइक व सर्जिकल स्ट्राइक के सबूत मांगने हों या भारतीय सेना के बारे में आपत्तिजनक बातें करना हो, राहुल गांधी की कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान के सुर हमेशा एक रहे हैं। कांग्रेस का हाथ हमेशा देश विरोधी शक्तियों के साथ रहा है। कांग्रेस पार्टी और पाकिस्तान यह भूल जाते हैं कि केंद्र में मोदी सरकार है, इसलिए कश्मीर में न तो आर्टिकल 370 वापस आने वाला है और न ही आतंकवाद।

उमर अब्दुल्ला ने कहा, उन्हें (पाकिस्तान को) अपने देश की देखभाल करने दीजिए। मुझे नहीं लगता कि उन्हें हमारे चुनावों में हस्तक्षेप करना चाहिए या हमारे चुनावों पर टिप्पणी करनी चाहिए।

# सांसद,विधायक ने स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत बस स्टैड व न्यायालय परिसर में चला सफाई अभियान

## सांसद, विधायक ने झाड़ू लगाकर किया अभियान का नेतृत्व

**सिंगरौली।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से गॉधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा अभियान चलाया जाना है द्य जिसके चलते प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में 'स्वच्छ भारत मिशन' के स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है। अभियान के दौरान निरंतर प्रत्येक दिन सफाई पर केंद्रित गतिविधियां आयोजित की जा रही है द्य अभियान के तहत आज सीधी सिंगरौली सांसद डॉ. राजेश मिश्रा, सिंगरौली विधायक राम निवास शाह,निगम अध्यक्ष देवेश पाण्डेय की अगुवाई में शहरी क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 40 बस स्टैड, रैना बसेरा, काली मंदिर रोड तथा न्यायालय परिसर में विशेष साफ-सफाई अभियान चलाया गया।




अभियान के दौरान सांसद श्री मिश्रा सहित विधायक एवं नगर निगम अध्यक्ष सहित आमजनो के द्वारा झाडू लगाकर साफ़-सफाई अभियान में अपनी-अपनी सहभागीता दी गई। न्यायालय परिसर में स्थित महात्मा गाँधी जी की प्रतिमा के आसपास की साफ-सफाई की गई द्य साफ़-सफाई के उपरांत प्रतिमा पर माल्यार्पण कर सभी ने स्वच्छता की शपथ ली। इस अवसर पर उपस्थित सफाई-मित्रो सहित आम जनो को संबोधित करते हुये सांसद श्री मिश्रा ने कहा कि हम सब स्वच्छता ही सेवा अभियान की 10बी वर्षगाठ मना रहे है। हमारे प्रधानमंत्री का संकल्प है हमारा भारत साफ,स्वच्छ और सुन्दर दिखे द्य इस अवसर पर विधायक सिंगरौली ने स्वच्छता में जनभागीदारी स्वभाव स्वच्छता- संस्कार स्वच्छता को जीवन में अमल करने की बात कही। उन्होंने कहा कि सफाई आज की आवश्यकता है। लोग व्यक्तिगत जीवन और सार्वजनिक जीवन में सफाई को अपनाए व प्रतिदिन अपनी आदत में लाए। अपने घर,गली ,मोहल्ला,गांव,शहर को सुन्दर बनाने में अपना सहयोग दे इस अवसर पर नगर निगम अध्यक्ष देवेश पांडे ने कहा कि हम सब लोगों को यह संकल्प लेना होगा कि प्रतिदिन एक घंटा हम अपने नगर को साफ -स्वच्छ बनाने में देगे द्य इस अवसर पर पूर्व पार्षद हीरालाल सोनी,सांसद प्रतिनिधि संतोष बर्मा, वरिष्ट समाजसेवी सुन्दर लाल शाह, श्रीमती पूनम गुप्ता, रामदयाल गुप्ता, मुकेश पांण्डेय, उपायुक्त आरपी बेस, संतोष तिवारी, विवेक सिंह ,रोहित, एवं सभी सफाई मित्र उपस्थित रहे।

# छात्र की पिटाई के विरोध में उतरे डिग्री कॉलेज के स्टूडेंट, प्रोफेसर के खिलाफ कार्यवाही की मांग

**सिंगरौली।** डिग्री कॉलेज में प्रोफेसर ने बीएससी के छात्र को सरेआम पीटने के बाद बंद कमरे मं् मारपीट और जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल करने का माहौल लगातार गरमाता जा रहा है। इस घटना के विरोध में आज सम्राट अशोक सेना संगठन ने विनोध प्रदर्शन करते हुए कोतवाली थाना पहुंचे और दो प्रोफेसरों के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए कार्रवाई की मांग की।



मिली जानकारी के अनुसार डिग्री कालेज बैढ़न में दो प्रोफ़ेसरों ने बीएससी फर्स्ट ईयर के छात्र पीयूष कुशवाहा के साथ मारपीट की। छात्र ने आरोप लगाया कि आई कार्ड मांगने के दौरान प्रोफेसर विनोद राय ने कहा कि बात करने की तमीज नहीं है किस तरह बात कर रहे हों। पीड़ित छात्रा ने बताया कि पहले कालेज परिसर में मारपीट की गई फिर स्टाप रूप में बुलाकर प्रोफेसर विनोद राय और राम सजीवन शाह ने ना केवल जाति सूचक शब्दों का इस्तेमाल किया बल्कि उसके साथ मारपीट की। छात्र के समर्थन में उतरे सम्राट अशोक सेवा संगठन के जिला अध्यक्ष ने कहा कि यह कोई पहली बार नहीं है जब प्रोफेसर विनोद राय किसी छात्र के साथ बदसलूकी और मारपीट की हो इसके पहले भी कई छात्रों के साथ प्रोफेसर ने धमकी और मारपीट के मामले सामने आए हैं। छात्र संगठन के जिला अध्यक्ष सुनील कुमार कुशवाहा ने कहा कि छात्रों के साथ हो रहे उत्पीड़न की बात कोई जिम्मेदार सुना नहीं चाहते और मनमाने तरीके से उनका उत्पीड़न कर रही हैं. छात्र इसे कतई बर्दाश्त नहीं करेंगे और लोकतांत्रिक तरीके से इसका विरोध करेंगे. यदि प्रोफेसर के खिलाफ मामला दर्ज नहीं होता और उन्हें बर्खास्त नहीं किया जाता तो छात्र संगठन सड़क पर उतरेगा और इसकी पूरी जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

# एंबुलेंस के लिए इस व्हाट्सएप नंबर पर करें मैसेज, तुरंत मिलेगी सहायता

## कंपनी के कर्मचारियों ने आशा कार्यकर्ताओं को दिया प्रशिक्षण

**सिंगरौली।** आज के दौर में बीमारी कब सामने आ खड़ी हो इसका किसी को अंदाजा नहीं है। कई बार ऐसी स्थिति हो जाती है कि तुरंत एंबुलेंस की जरूरत पड़ती है। लेकिन नंबर व्यस्त आने के चलते फोन नहीं लग पाता। इसके लिए जय अम्बे एजेंसी सर्विसेज ने एक व्हाट्सएप नंबर जारी किया है। जिसमें क्रिटिकल केयर सेवाओं, बच्चों और गर्भवती महिलाओं के लिए 108 एंबुलेंस सेवाए जरूरत पड़ने पर आप सिर्फ एक मैसेज कर लाभ ले सकते हैं। स्वास्थ्य विभाग में आयोजित प्रशिक्षण में जानकारी दी गई कि इमरजेंसी पीरियड में 108 नंबर डायल व्यस्त आता है ऐसे में जय अम्बे एजेंसी सर्विसेज ने आशा कार्यकर्ताओं को 108 वाहन की सुगम उपलब्धता की जानकारी दी। साथ ही 108 नंबर डायल व्यस्त होने पर हेल्पलाइन व्हाट्सएप नंबर 6269695935 जारी किया है। जिसमें मैसेज करने पर संबंधित व्यक्ति से एजेंसी के लोग तुरंत संपर्क करेंगे और एंबुलेंस की उपलब्धता को सुनिश्चित करेंगे। वहीं आशा कार्यकर्ताओं को गर्भवती महिलाओं को हाई रिस्क प्रेगनेंसी में लाने ले जाने के बारे में प्रशिक्षित किया। आशा कार्यकर्ताओं को ये काम करने के लिए स्मार्ट हेल्थ प्रेग्नेंसी कार्यक्रम के ज़रिए प्रशिक्षित किया गया इस दौरान नोडल अधिकारी डीएन माझी,जय अम्बे एजेंसी सर्विसेज जोनल मैनेजर विवेक दुबे,अविनाश तिवारी, जिला प्रभारी आशीष पटेल सहित कई आशा कार्यकर्ता मौजूद रही।

# नदी में डूबने से चचेरे भाई और बहन की मौत

**सिंगरौली।** लंघाड़ोल थाना क्षेत्र अंतर्गत बिनियाऊ नदी में नहाने गए चचेरे भाई-बहन की डूबने से मौत हो गई। बताया जा रहा है कि करीब आधा दर्जन स्कूली बच्चे बिंदूल स्कूल जा रहे थे। लेकिन यह बच्चे स्कूल ना जाकर नदी में नहाने चले गए। इस दौरान गहराई में जाते ही चचेरे भाई-बहन डूबने लगे। यह देख उसके साथ गए आधा दर्जन बच्चे चिल्लाने लगे। जिससे वहां मौजूद लोगों ने उन्हें देखा लेकिन तब तक बच्चों की पानी में डूबने से मौत हो गई। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार सुबह गांव पौड़ीपाठ से आधा दर्जन बच्चे बिन्दूल स्कूल जा रहें थे। लेकिन बच्चे स्कूल ना जाकर रास्ते में पढ़ने वाली बिनियाऊ नदी में नहाने पहुंच गए।

# गड़हरा विद्यालय पहुची स्वयंसेवी संस्थाए, स्वच्छता का पढ़ाया पाठ

**सिंगरौली।** स्वच्छता ही सेवा की थीम स्वभाव स्वच्छता-संस्कार स्वच्छता के अंतर्गत स्वच्छता पखवाड़ा 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है जिसमें जिला प्रशासन, जिला पंचायत सिंगरौली के अंतर्गत मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद की स्वयंसेवी संस्थाओं के द्वारा 19 अक्टूबर को प्रेरक आज शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गड़हरा ग्राम पंचायत देवरी में पहुंचकर उपस्थित बच्चों शिक्षकों एवं आम जनमानस को व्यक्तिगत साफ सफाई एवं सामुदायिक साफ सफाई के बारे में विस्तृत जानकारी दी गई। विद्यालय के प्राचार्य एवं बच्चों के द्वारा स्वच्छता संबंधी चर्चा के



दौरान बताया गया कि विद्यालय का प्रांगण पानी से भरा कीचड़ युक्त हो गया है जिसके कारण शौचालय में जाना बहुत ही दुष्कर होता है। बालकों के शौचालय क्षतिग्रस्त हो गए हैं जिनकी मरम्मत कराया जाना अति आवश्यक है शिक्षक गण एवं स्टाफ के लिए अलग से शौचालय निर्माण कराया जाना उचित होगा। कार्यक्रम में सर्वहित सेवा संस्थान के सचिव अवनीश कुमार दुबे व सुसंस्कार सोशल डब्लपमेंट के सचिव ने उपस्थित छात्र-छात्राओं को स्वच्छता की शपथ दिलाई और अपने जन्मदिन पर एक पौधा लगाने की समझाइए। आगामी दिनों स्वच्छता से संबंधित प्रतियोगी परीक्षा क्विज के बारे में जानकारी दी गई कि इसमें सभी लोग शामिल हो सकते हैं और उसका लिंक प्रसारित किए गए। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सर्वहित सेवा संस्थान से अवनीश दुबे नंद गोपाल, सुसंस्कार सोशल डेवलपमेंट सोसाइटी से सचिव गजमोचन सिंह व कार्यक्रम समन्वयक श्रीनिवास श्रीवास्तव सावित्री प्रजापति पूर्व जिला पंचायत सदस्य के साथ-साथ प्राचार्य अरुण कुमार दुबे एवं अन्य शिक्षक गण व आम जन मानस उपस्थित रहे।

# स्वच्छता पखवाड़े में पार्षद ने साफ-सफाई कर करी अपने दिन की शुरुवात

## वार्ड 32 में जन सहयोग से चलाया गया साफ-सफाई अभियान

**सिंगरौली।** प्रदेश के सभी नगरीय निकाय में स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत 17 सितंबर से 2 अक्टूबर, 2024 तक स्वभाव स्वच्छता - संस्कार स्वच्छता थीम पर आधारित स्वच्छता ही सेवा अभियान का आयोजन किया जा रहा है द्य इसी क्रम में स्वच्छता ही सेवा अभियान 2.0 के तहत वार्ड क्रमांक 32 इंदिरा चौक नवजीवन विहार में सफाई अभियान चलाया गया एवं स्वच्छता शपथ दिलवाई गई। स्वच्छता अभियान के तहत वार्ड 32 की पार्षद एवं एमआईसी सदस्य श्यामला देवी ,वार्ड 38 के पार्षद अनिल बैस, वार्ड 34 के पार्षद रंजना सिंह पटेल,पार्षद प्रतिंनिधि आरपी सिंह पटेल,अवनीश दुबे ,स्वच्छता निरीक्षक पवन बरोड़े, छोटेलाल शाह, राजू सहित वार्ड वासियो ने साफ-सफाई कर अपने दिन की शुरुवात की। इसके बाद उपस्थित सभी लोगो ने स्वच्छता की शपथ ली। विदित हो कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस 17 सितम्बर से लेकर गॉधी जयंती 2 अक्टूबर तक स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा पूरे प्रदेश के तहत जिले भर मे चलाया जा रहा है। इसी क्रम में आज नगर पालिक निगम सिंगरौली के वार्ड पार्षदो एवं वार्डवासियो के द्वारा सुबह-सुबह अपने वार्ड में साफ -सफाई कर अभियान में अपनी सहभागिता दी और संकल्प लिया कि हम सभी मिलकर अपने नगर को साफ-स्वच्छ बनायेगे।



# प्रभारी मंत्री के नेतृत्व में आयोजित हुई भाजपा प्रबंध समिति की बैठक

**सिंगरौली।** भारतीय जनता पार्टी सिंगरौली जिले के प्रबंध समिति की बैठक जिले की प्रभारी मंत्री श्रीमती सम्पतिया उइके के नेतृत्व में सूर्या भवन में सम्पन्न हुई। प्रबंध समिति की इस अति महत्वपूर्ण बैठक में संगठन तथा सरकार से संबंधित महत्वपूर्ण विषय पर चर्चा हुई तथा कुछ महत्वपूर्ण निर्णय लिए गये। प्रबंध समिति की बैठक में जिले के विभिन्न प्रशासनिक, विकास, आगामी कार्ययोजना तथा सांगठनिक विषयों पर समिति के सम्मानित सदस्यों ने अपने सुझाव प्रभारी मंत्री के समक्ष रखे तथा कई संवेदनशील विषयों पर सामूहिक सहमति प्रदान की गई।



प्रबंध समिति की बैठक में राज्य मंत्री श्रीमती राधा सिंह, सांसद डॉ राजेश मिश्रा, जिलाध्यक्ष राम सुमिरन गुप्ता, विधायक सिंगरौली राम निवास शाह, विधायक देवसर राजेंद्र मेश्राम, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य गिरीश द्विवेदी, प्रदेश कार्यसमिति सदस्य वीरेन्द्र गोयल, निगम अध्यक्ष देवेश पांडेय, जिला महामंत्री सुंदरलाल शाह, राजकुमार दुबे, लालपति साकेत उपस्थित रहे।

# शिक्षा मंत्री के बयान को लेकर अतिथि शिक्षकों ने उपखंड प्रशासन को सौप पत्र



**सिंगरौली।** मध्य प्रदेश शासन में स्कूल शिक्षा मंत्री राव उदय प्रताप सिंह आजकल अपने बयान बाजी को लेकर सुर्खियों में नजर आ रहे हैं अभी हाल ही में उन्होंने एक अपना बयान मीडिया के सामने प्रस्तुत किया जिसमें कहा कि मेहमान बनकर आए हो तो क्या घर कब्जा करोगे। यह बयान उनके लिए उन्होंने कहा जिन्होंने पिछले 17-18 वर्षों से अल्प मानदेय वेतन पर सरकारी विद्यालयों में अतिथि शिक्षकों के रूप में गरीब के बच्चों को अध्ययन अध्यापन का कार्य के साथ मध्य प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को उत्तम बनाने का प्रयास कर रहे हैं। इससे नाराज होकर अतिथि शिक्षक संघ द्वारा पूरे प्रदेश में ब्लॉक स्तर जिला स्तर पर मुख्यमंत्री को ऐसे शिक्षा मंत्री के बयान बाजी के खिलाफ नाराजगी व्यक्त करते हुए पत्र सोपा है। उसी के तहत आज चितरंगी उपखंड अधिकारी को चितरंगी इकाई के कार्यकर्ताओं द्वारा ज्ञापन सोपा गया। जिसमें प्रमुख रूप से रीवा संभाग प्रभारी एवं सिंगरौली जिला अध्यक्ष उमाशंकर सिंह जिला संरक्षक लक्ष्मण सिंह बैंस, ब्लाक अध्यक्ष प्रवीण सिंह,कृष्ण कुमार सिंह, केके,सुनील दुबे, शिवगंगा साहू,नेमराज विश्वकर्मा सहित कई अन्य अतिथि शिक्षक मौजूद थे।

# एनटीपीसी विंध्याचल ने स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत चित्रकला, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का किया आयोजन



**सिंगरौली।** भारत सरकार की महत्तवकांक्षी योजना के तहत सम्पूर्ण भारत में स्वच्छता ही सेवा 2024 के अंतर्गत दिनांक 17 सितंबर से 2 अक्टूबर तक स्वछता अभियान चलाया जा रहा है। इसी उपलक्ष्य में एनटीपीसी विंध्याचल सीएसआर द्वारा स्वच्छता ही सेवा के अंतर्गत 18 सितंबर को सुहासिनी स्कूल, गहिलगढ़ और शासकीय माध्यमिक विद्यालय, जैतपुर में स्वच्छता के विषय पर आधारित चित्रकला, निबंध एवं प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें भारी संख्या में दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों नें भाग लिया। वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर एवं आरएंडआर) माहताब आलम द्वारा इस अवसर पर बच्चों को न केवल दैनिक जीवन में स्वच्छता की महत्ता को बताया गया, बल्कि स्वभाव स्वच्छता और संस्कार स्वच्छता के मूल्यों के बारे में भी विद्यार्थियों को अवगत कराया। इस अवसर पर दोनों स्कूलों के विद्यार्थियों को स्वच्छता की शपथ भी दिलाई गई। इस अवसर पर वरिष्ठ प्रबन्धक (सीएसआर एवं आरएंडआर) माहताब आलम, कार्यपालक (सीएसआर) निखिल जायसवाल एवं उनकी सीएसआर टीम, शिक्षकगण के साथ-साथ भारी संख्या में स्कूली बच्चे उपस्थित रहे।


# कार्यालय नगर पालिक निगम रीवा (म॰प्र॰)

क्रमांक /3285/ राजस्व / न.पा.नि. / 2024 रीवा, दिनांक 19/09/2024

## आवश्यक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित अचल सम्पत्ति के नामांतरण के आवेदन प्रस्तुत किये गये हैं। उक्त संबंध में किसी को कोई आपत्ति हो तो, इस विज्ञप्ति के प्रकाशन के 15 दिवस के अवधि में इस कार्यालय के नामांतरण शाखा में प्रमाणित अभिलेखों के साथ उपस्थित होकर लिखित आपत्ति प्रस्तुत करें। निर्धारित समय अवधि पश्चात् कोई आपत्ति ग्रहण नहीं की जावेगी। तत्पश्चात् नामांतरण की विधिवत् कार्यवाही की जावेगी।

| क्र. | प्रकरण क्रमांक | वार्ड/भवन क्रमांक (भवन की स्थिति) | इन्द्राजी का नाम | नामांतरण ग्रहिता | नामांतरण का आधार |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 290 | 15/481/1 (रतहरा, जिला - रीवा म0प्र0) | श्रीमती शुभवन्ती द्विवेदी पति स्व0 श्री विद्याधर द्विवेदी | श्री सतेन्द्र द्विवेदी पिता स्व0 श्री विद्याधर द्विवेदी | बटवारा |
| 2 | 288 | 16/221/15 (सविता अर्पाटमेंट मौजा खुटेही, जिला - रीवा म0प्र0) | श्रीमती संध्या सिंह पुत्री श्री सज्जन सिंह | श्री अमन श्रीवास्तव पिता श्री अशोक कुमार श्रीवास्तव | क्रय-विक्रय |
| 3 | 285 | 15/1282 (समान, जिला - रीवा म0प्र0) | स्व0 श्री रामलखन पटेल पिता स्व0 श्री सुदामा प्रसाद पटेल | श्रीमती गायत्री पटेल पति श्री सुरेन्द्र कुमार पटेल | क्रय-विक्रय |
| 4 | 294 | 12/476 (उर्रहट, जिला - रीवा म0प्र0) | श्री राजेश्वरी सिंह पिता श्री रूद्रप्रताप सिंह | श्री देवेन्द्र कुमार सिंह पिता श्री कमलेश्वर सिंह | क्रय-विक्रय |
| 5 | 289 | 10/1422 (अनंतपुर, जिला - रीवा म0प्र0) | श्रीमती विमला सोधिया पति श्री अर्जुन सोधिया | श्रीमती आरती तिवारी पति श्री अमित तिवारी | क्रय-विक्रय |
| 6 | 275 | 05/182/56 (कामता रेजीडेंसी कालोनी मौजा पड़रा, जिला - रीवा म0प्र0) | श्रीमती रमावती देवी सिंह पति श्री रामानंद सिंह | श्रीमती शीला सिंह पति श्री ओंकार सिंह | क्रय-विक्रय |
| 7 | 274 | 34/24 (घोघर, जिला - रीवा म0प्र0) | श्री महेश कुमार शिवानी पिता श्री नारायणदास शिवानी | श्री राजेश कुमार शिवानी पिता स्व0 श्री नारायणदास शिवानी | रजिस्टर्ड विनिमय पत्र के आधार पर |
| 8 | 292 | 17/529 (नरेन्द्र नगर, जिला - रीवा म0प्र0) | श्री सुशीम शुक्ला पिता श्री सत्यप्रकाश शुक्ला | श्रीमती शोभा शुक्ला पति स्व0 श्री सुशीम शुक्ला एवं कुमारी आर्या शुक्ला पिता स्व0 श्री सुशीम शुक्ला | पारिवारिक नामांतरण |

उपायुक्त ( राजस्व )
हेतु आयुक्त
नगर पालिक निगम, रीवा ( म.प्र. )

# सीईओ जिला पंचायत ने की योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा

**सीधी।** जिला पंचायत सभागार में जिले के नवागत मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्री अंशुमान राज द्वारा पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं की समीक्षा की गई। उक्त समीक्षा बैठक में समस्त योजनाओं के जिला प्रभारी, समस्त जनपद पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी, सहायक यंत्री (मनरेगा), अति. काय. अधिकारी (मनरेगा), ब्लाक समन्वयक प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना, ब्लाक समन्वयक स्वच्छ भारत मिशन एवं उपयंत्री उपस्थित हुए।

समीक्षा बैठक के पूर्व निर्धारित एजेन्डे के अनुसार सर्वप्रथम मनरेगा योजना की समीक्षा की गई। परियोजना अधिकारी (लेखाधिकारी) मनरेगा अशोक कुमार शुक्ला द्वारा मुख्य कार्यपालन अधिकारी को मनरेगा योजना के अंतर्गत जनपदवार वित्तीय वर्ष 2024-25 के लेबर बजट के सापेक्ष प्रगति, लेबर नियोजन तथा एससीध्एसटीध्महिला के मानव दिवस सृजन, पूर्व वर्षों विशेष रूप से वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं उसके पूर्व के वर्षों के प्रगतिरत कार्यों की पूर्णता तथा समय से भुगतान के संबंध में विस्तृत जानकारी प्रदान की गई। मुख्यकार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत द्वारा समस्त उपयंत्रियों एवं सहायक यंत्रियों को निर्देशित किया गया कि किसी भी नवीन कार्य की तकनीकी स्वीकृति जारी करने के पहले उसी प्रकृति के पूर्व से प्रगतिरत निर्माण कार्यो के संबंध में निर्धारित प्रपत्र में जानकारी उपलब्ध कराई जावे, साथ ही लेबर नियोजन तथा पूर्व वर्षों के प्रगतिरत कार्यों को पूर्ण कराने के लिए कार्ययोजना तैयार करते हुए कार्यों के पूर्णता प्रमाण पत्र जारी करावें एवं प्रतिदिवस की प्रगति से अवगत कराना सुनिश्चित करें। साथ ही गौशाला तथा अमृत सरोवर के कार्यो को प्राथमिकता से पूर्ण कराने हेतु निर्देशित किया गया।

प्रधानमंत्री ग्रामीण आवास योजना की समीक्षा के दौरान आवास प्रभारी श्री ब्रम्हानंद पाण्डेय द्वारा मुख्यकार्यपालन अधिकारी को जनपदवार आवास की प्रगति से अवगत कराया गया। मुख्य कार्यपालन अधिकारी द्वारा समस्त ब्लाक समन्वयक को निर्देशित किया गया कि आवास की स्वीकृति एवं एफटीओ जारी किये जाने में अंतर न हो। साथ ही पंचायत समन्वय अधिकारियों को नोडल अधिकारी बनाते हुए प्रतिदिवस की प्रगति से अवगत कराने के निर्देश दिये गये। इसके अतिरिक्त निर्देशित किया गया कि शासन की अति महत्वाकांक्षी पीएम जनमन आवास योजना के क्रियान्वयन में किसी प्रकार की कोई लापरवाही न की जाये। स्वच्छ भारत मिशन की समीक्षा के दौरान प्रभारी अधिकारी श्रीमती सुचिता सिंह द्वारा स्वच्छ भारत मिशन के अंतर्गत स्वच्छताकर्मी शिविर के आयोजन, 2 अक्टूबर गांधी जयंती के अवसर पर शासन स्तर से निर्धारित कार्यक्रम के आयोजन, ओडीएफ प्लस माडल ग्राम व्यक्तिगत पारिवारिक शौचालय निर्माण तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर निर्माण की जनपदवार प्रगति से अवगत कराया गया। मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयावधि में पूर्ण कराने के निर्देश दिये गये। अंत में मुख्यकार्यपालन अधिकारी द्वारा सभी सहायक यंत्री, ब्लाक समन्वयक आवास एवं एस.बी.एम तथा उपयंत्रियों को ग्रामीण विकास विभाग की समस्त योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये गये।

## भारी व मालवाहक वाहनों का आवागमन आज प्रतिबंधित

**सीधी।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी श्री स्वरोचिष सोमवंशी ने आदेश जारी पुलिस अधीक्षक सीधी द्वारा प्रस्तुत प्रतिवेदन एवं सुरक्षा को दृष्टिगत रखते हुये मोटरयान अधिनियम, 1988 की धारा-115 सह पठित म.प्र. मोटरयान नियम 1994 के नियम 215 में प्रदत्त शक्तियों के तहत सभी भारी एवं मालवाहक वाहनों (खाली अथवा लोडेड) का आवागमन दिनांक 20.09.2024 को प्रातः 06.00 बजे से रात्रि 12.00 बजे तक के लिये प्रतिबंधित किया है। जारी आदेशानुसार चुरहट से सीधी की ओर आने वाले वाहन, मझौली से सीधी की ओर आने वाले वाहन, टिकरी से सीधी की ओर आने वाले वाहन, बहरी से सीधी की ओर आने वाले वाहन तथा कमर्जी से सीधी की ओर आने वाले वाहन प्रतिबंधित रहेंगे। उपरोक्त आदेश के उल्लंघन की दशा में संबंधित के विरुद्ध भारतीय न्याय संहिता की धारा-223 साथ ही मोटरयान अधिनियम के प्रावधानों के तहत दण्डात्मक कार्यवाही की जावेगी।

# हरई गांव जा रही डॉक्टरों की टीम ने रास्तों में गिरे पेड़ों को काटकर किया किनारे

**भुईमाड़।** सीधी जिले के विकासखंड कुशमी के हरई गांव मेडिकल कैंप लगाने भुईमाड़ से डॉक्टर ऋषभ गुप्ता व मेडिकल की टीम हरई गांव जा रही टीम ने रास्ते में गिरे पेड़ को काटकर न केवल अपने अभियान को सुचारू बनाया, बल्कि यह भी साबित किया कि डॉक्टर केवल इलाज करने वाले पेशेवर नहीं होते, बल्कि वे मानवता के सच्चे सेवक भी हैं। यह घटना हमें यह सोचने पर मजबूर करती है कि डॉक्टरों का योगदान सिर्फ अस्पतालों और क्लीनिकों तक सीमित नहीं है; वे समाज के विभिन्न पहलुओं में सक्रिय रूप से भाग लेते हैं। डॉक्टरों की यह टीम एक दूरदराज के क्षेत्र हरई में डायरिया से दो लोगों की मृत्यु हो जाने के बाद स्वास्थ्य महकमा लगातार हरई गांव में मेडिकल कैंप लगाकर मरीजों का इलाज कर रहे हैं। जहां ग्रामीणों को स्वास्थ्य सेवाओं की आवश्यकता थी। जैसे ही टीम गंतव्य की ओर आगे जा रही जी तभी रास्ते दो से तीन जगह पर पेड़ गिरे हुए थे, जिससे आवागमन बाधित हो गया



था इस स्थिति को देखते हुए डॉक्टरों ने तुरंत फैसला लिया कि उन्हें इस बाधा को दूर करना होगा। उन्होंने न केवल अपनी चिकित्सा की जिम्मेदारी निभाई, बल्कि समुदाय के लिए एक महत्वपूर्ण उदाहरण पेश किया। 'डॉक्टरों का सामाजिक दायित्व' इस घटना ने यह स्पष्ट कर दिया कि डॉक्टरों का कर्तव्य केवल मरीजों की सेहत तक सीमित नहीं है। वे समाज के प्रति अपने दायित्व को भी बखूबी निभाते हैं। जब डॉक्टरों ने पेड़ को हटाने का निर्णय लिया, तो उन्होंने यह दिखाया कि वे मानवता की सेवा के लिए हमेशा तैयार हैं, चाहे वह किसी भी परिस्थिति में हो। 'डॉक्टरों की भूमिका' डॉक्टरों को अक्सर एक सीमित दृष्टिकोण से देखा जाता है, लेकिन वास्तविकता यह है कि वे समाज के कई पहलुओं में योगदान करते हैं। स्वास्थ्य शिविरों का आयोजन, प्राथमिक स्वास्थ्य सेवाओं और आपातकालीन स्थितियों में त्वरित प्रतिक्रिया देना, यह सभी कार्य उनकी बहुआयामी भूमिका को दर्शाते हैं। उनके इस तरह के कार्य न केवल मरीजों की भलाई के लिए महत्वपूर्ण हैं, बल्कि समाज में सकारात्मक बदलाव लाने में भी सहायक होते हैं। डॉक्टरों का यह रूप हमें याद दिलाता है कि चिकित्सा केवल एक पेशा नहीं, बल्कि एक पुनीत कार्य है। उनका मानवता के प्रति समर्पण, जैसे कि गिरे पेड़ को हटाना, यह दर्शाता है कि वे अपने कर्तव्यों को निभाने के लिए किसी भी चुनौती का सामना करने के लिए तत्पर हैं। इस तरह के कार्यों से हमें प्रेरणा मिलती है कि हम भी अपनी-अपनी क्षमताओं के अनुसार समाज के प्रति अपने दायित्वों को निभाएं। डॉक्टरों का यह अद्वितीय रूप हमें यह सिखाता है कि सेवा का असली मतलब क्या होता है और वे वाकई में भगवान का रूप हैं।

# सांसद पहुंचे हर्रई, दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद एवं ख्याति प्राप्त चिकित्सक डॉ राजेश मिश्रा धौहनी विधानसभा के ग्राम हर्रई में डायरिया से प्रभावित क्षेत्र में प्रशासनिक अधिकारियों के साथ पहुँचकर ग्रामवासियों से भेंट की एवं विगत दिनों डायरिया से हुए दुःखद निधन पर उनके परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त की।

लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने इस दौरान बीमारी नियंत्रण हेतु अधिकारियों को निर्देश दिए। गांव में जिला प्रशासन और चिकित्सकों की टीम निरंतर बीमारी नियंत्रण में लगी हुई है, बीमारी का समूल इलाज हो इसके लिए, सांसद डॉक्टर राजेश मिश्रा ने कहा कि हम चिंतित हैं और लगातार प्रयास कर रहे हैं कि इस बीमारी से क्षेत्र वासियों को हमेशा के लिए निजात मिले।

इसके साथ ही क्षेत्र वासियों द्वारा क्षेत्र भ्रमण के दौरान पेयजल की व्यवस्था, बिजली, सड़क एवं स्कूल से संबंधित समस्याएं उठाई गई जिसके त्वरित निराकरण हेतु अधिकारियों को निर्देश किए, जिसके कारण अंचल के लोगों में हर्ष व्याप्त है।

## सेवानिवृत्ति सीएमएचओ को सांसद ने दिलाई भाजपा की सदस्यता

**सीधी।** लोकसभा संसदीय क्षेत्र के सांसद डॉ राजेश मिश्रा ने भाजपा सदस्यता अभियान के अंतर्गत सेवानिवृत्त सी एम एच ओ डॉ. आई.जी गुप्ता के निवास पहुँच कर उनसे मुलाकात की एवं भाजपा की डिजिटल सदस्यता दिलायी और मिठाई खिलाकर स्वागत किया।

इस अवसर पर पूर्व जिलाध्यक्ष के के तिवारी उपस्थित रहे। भाजपा में शामिल हुए सेवानिवृत्त सी एम एच ओ डॉक्टर गुप्ता ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी एक राष्ट्रवादी पार्टी है। उसका सदस्य होना गर्व की बात है।

# एकलव्य विद्यालय हड़बड़ो के छात्र छात्राओं का चार विधाओं में राज्य स्तर पर चयन

**सीधी।** स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग, शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा आयोजित राष्ट्रीय कला उत्सव सत्र 2024-25 के अंतर्गत पी.एम. श्री शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय पनवार में जिला स्तरीय प्रतियोगिता संपन्न हुई।

जिला स्तरीय प्रतिगोगिता में एकलव्य विद्यालय हड़बडो के कई होनहार छात्र/छात्राओं का का चयन अलगदअलग विधाओं माइम प्राची द्विवेदी कक्षा 11, प्रियांशी सिंह कक्षा 11, प्रतीक्षा तिवारी कक्षा 11, रागिनी मिश्रा कक्षा 11 एवं सोनाली सिंह कक्षा 9, समूह नृत्य अर्पिता सिंह कक्षा 11, प्रज्ञांशी सिंह कक्षा 9, पद्मिनी सिंह कक्षा 9, दीपाली तिवारी 11 एवं दिव्या सेन, स्कैच अर्पिता



पाठक कक्षा 11 एवं मूर्ति कला मीनाक्षी विश्वकर्मा कक्षा 11 में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ एवं सभी छात्र/छात्राओं का राज्य स्तरीय प्रतियोगिता के लिए चयन किया गया है। अब ये सभी बच्चे जिले की ओर से राज्य स्तरीय प्रतियोगिता में सामिल होकर संपूर्ण सीधी जिले का गौरव बढ़ायेंगे।

छात्रों की इस उपलब्धि पर विद्यालय के संचालक ज्ञानेन्द्र प्रताप सिंह, नीतू सिंह, संरक्षक शीलध्वज सिंह, प्रबंधक विनोद सिंह, श्यामलाल शर्मा, प्राचार्य स्वेता सिंह, राजेंद्र द्विवेदी, वरिष्ठ शिक्षक मनीता सिंह, प्रीति शुक्ला, मनोज खरे, संजय पाण्डेय, सचिन सिंह, विदित सिंह, ध्रुवदेव सिंह, अरविंद सिंह, शशिमा सिंह, संध्या शुक्ला, अमिता सिंह, नमिता सिंह, सुनीता विश्वकर्मा, ज्योतिप्रभा द्विवेदी, करूणा मिश्रा, जयप्रकाश पाण्डेय, सोनू सिंह, सपना तिवारी, माधव सिंह, अर्पिता सिंह, अनूप लखेरा, अंकिता सेन, संतोष यादव, अमन वर्मा, सत्री बैगा, शैलेंद्र तिवारी, आंचल सिंह, बीना सिंह, रजनीश पांडेय, आंचल पांडेय, विपुल तिवारी, मनीष मौर्या, काजल केवट एवं समस्त विद्यालयीन परिवार एवं अभिभावकों द्वारा छात्र-छात्राओं को शुभकामनायें देते हुए, उनके उज्जवल भविष्य की कामना की हैं।

# छात्राओं ने गाजरघास उन्मूलन कार्यक्रम में भाग लिया

**सीधी।** सीधी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रमुख डॉ. अलका सिंह के निर्देशन में ग्राम पड़रा में रावे छात्राओं के द्वारा गाजरघास जागरूकता कार्यक्रम किया गया। 16-22 अगस्त 2024 तक केन्द्र एवं रावे छात्राओं के द्वारा अधिग्रहित किये गये ग्राम पड़रा में जाकर किसानों को गाजरघास के दुष्प्रभावों के बारे में जागरूक




किया। रावे छात्राओं द्वारा गाँव के प्रमुख चौराहे एवं विभिन्न मार्गों से होते हुये गाँव के सभी हिस्सों में रैली निकाली गई।

गाँव में सफाई अभियान चलाकर गाजरघास के पौधों को हटाने का कार्य किया। इस रैली में स्थानीय समुदाय को शामिल किया गया ताकि वे समझ सके कि गाजरघास का उन्मूलन केवल व्यक्तिगत जिम्मेदारी नहीं बल्कि सामूहिक प्रयास है। सरपंच ने इस पहल की सराहना करते हुये कहा कि यह अभियान हमारे लिये बहुत महत्वपूर्ण है। रावे छात्राओं ने इस कार्यक्रम की सहायता से पूरे गाँव को गाजरघास के दुष्प्रभावों से अवगत कराया। जैसे कि गाजरघास से मनुष्यों में त्वचा संबंधी रोग एग्जिमा, एलर्जी, दमा जैसी गंभीर बीमारियाँ उत्पन्न होती हैं। गाजरघास न सिर्फ मनुष्यों बल्कि पशुओं के लिये भी उतना ही हानिकारक है एवं मृदा की गुणवत्ता को कम करता है एवं फसलों के उत्पादन के लिये पोषण तत्वों और पानी की उपलब्धता को कम करता है।

केन्द्र की कार्यक्रम सहायक श्रीमती अमृता तिवारी एवं वैज्ञानिक डॉ. शैलेन्द्र सिंह गौतम के द्वारा स्थानीय कृषकों को गाजरघास प्रबंधन की तकनीक के बारे में जानकारी प्रदान की गई। गाजरघास प्रबंधन के लिये जायकोग्रामा एवं वाइकोलोराटा जैसे कीटों को यदि गाजरघास के ऊपर छोड़ा जाय तो प्राकृतिक तरीके से गाजरघास का प्रबंधन किया जा सकता है।

## विशेष का चयन सैनिक स्कूल में



**सीधी।** गांधी हाई स्कूल का छात्र विशेष सिंह पिता लाल बहादुर सिंह कक्षा 6वीं में सैनिक स्कूल सीकर राजस्थान में चयन हुआ है। विशेष सिंह राष्ट्रीय स्तर आयोजित सैनिक स्कूल पात्रता परीक्षा पास करके यह उपलब्धि हासिल की है। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय प्रकाश एकेडमी के संचालक प्रकाश मिश्रा, गांधी हाई स्कूल के शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं अपनी माता संध्या सिंह शिक्षक, पिता लाल बहादुर सिंह दवा प्रतिनिधि एवं दादा राजधर सिंह को दिया है। उनकी इस सफलता पर बधाइयों का तांता लगा हुआ है। बधाई देने वालों में सांसद डॉ0 राजेश मिश्रा, विश्वबन्धुधर द्विवेदी, डॉ0 राकेश तिवारी, डॉ0 प्रभावती तिवारी, जिला न्यायालय के अधिवक्ता शिव कुशवाहा, के.के. तिवारी, अजय शुक्ला, मंडी इंस्पेक्टर प्रीती पाण्डेय, राजेश्वर शुक्ला शिक्षक, मान्या पाण्डेय लोक गायिका सहित सैकड़ों लोगो ने उज्जव भविष्य की शुभकामनाएं एवं बधाईयाँ दी हैं।

# स्वच्छता ही सेवा अभियान का हुआ शुभारंभ

**सीधी।** शासकीय कला एवं वाणिज्य महाविद्यालय मझौली सीधी में मध्य प्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के अनुपालन में स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम 17 सितंबर से 2 अक्टूबर 2024 के मध्य चलाया जा रहा है स इस अभियान के अंतर्गत 19 सितम्बर को महाविद्यालय में स्वच्छता अभियान की शपथ सभी अधिकारी, कर्मचारी, छात्र-छात्राओं एवम स्वयंसेवकों को दिलाई गई। महाविद्यालय के प्रभारी प्राचार्य बी एल सिंह अयाम की अध्यक्षता में स्वच्छता कार्यक्रम का आयोजन किया गया, कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में जन भागीदारी अध्यक्ष पवन कुमार मिश्रा उपस्थित रहे। सुनील सिंह राष्ट्रीय सेवा योजना



कार्यक्रम अधिकारी (पुरुष इकाई) डॉ पूजा कश्यप राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी (महिला इकाई) के नेतृत्व में स्वच्छता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें विद्यार्थियों के साथ-साथ आसपास के क्षेत्र के जनमानस को भी स्वच्छता के लिए प्रेरित करने का कार्य किया गया स स्वच्छता ही सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम में डॉ लक्ष्मण उईके, डॉ सुरेश तिवारी, डॉ गंगा देवी बैरागी, डॉ भावना नागेंद्र, डॉ वाहिदुन निशा, राज किशोर तिवारी, डॉ वीपेंद्र द्विवेदी, गुलाब सिंह श्याम(मुख्य लिपिक), संदीप कुमार एवं मनीष सोनी, के साथ महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं ने शामिल होकर अपनी सहभागिता प्रदान की एवम स्वच्छता कार्यक्रम को सफल बनाया।

# धोरबंधा गाँव मे दो महीनों से जला है ट्रांसफार्मर

## बच्चों को पढ़ाई करने के साथ ग्रामीणों को हो रही समस्याएं



**भुईमाड़।** सीधी जिले के आदिवासी विकासखंड कुशमी के ग्राम पंचायत केशलार के वनांचल क्षेत्र धोरबंधा गाँव में जायसवाल मोहल्ले में पिछले दो महीनों से जल चुका ट्रांसफार्मर ग्रामीणों के जीवन को संकट में डाल चुका है। डेढ दर्जन से ज्यादा इस ट्रांसफार्मर से कनेक्शन है। यहां के लोग बिजली की सुविधा से वंचित हैं, जिसके कारण उनकी दैनिक दिनचर्या अस्त-व्यस्त हो गई है। बच्चों की पढ़ाई प्रभावित हो रही है; वे रात को पढ़ाई नहीं कर पा रहे हैं, जिससे उनके भविष्य पर गंभीर संकट खड़ा हो गया है। गाँव में बिजली न होने से पानी की समस्या भी उत्पन्न हो गई है। पंप नहीं चलने के कारण ग्रामीणों को मैनुअल तरीके से पानी लाना पड़ रहा है, जो समय और श्रम दोनों की बर्बादी है। ग्रामीणों ने कई बार प्रशासन से संपर्क किया है, परंतु कोई ठोस समाधान नहीं निकला। इस स्थिति ने गाँव के लोगों में असंतोष और निराशा की भावना पैदा कर दी है। यदि जल्द ही ट्रांसफार्मर का मरम्मत नहीं किया गया, तो यह संकट और भी गंभीर रूप धारण कर सकता है। अतः ग्रमीणों ने जल्द से जल्द ट्रासफार्मर लगवाने की मांग की है।

## अप्रचलित बैंक खातों में जमा अदावाकृत राशियों के दावा के संबंध में निर्देश जारी

**सीधी।** कलेक्टर स्वरोचिष सोमवंशी ने जिला कोषालय सीधी अंतर्गत संबद्ध समस्त डीडीओ एवं कार्यालय प्रमुखों को निर्देशित किया है कि भारतीय रिजर्व बैंक से प्राप्त जानकारी के अनुसार आपके कार्यालय अंतर्गत संधारित ऐसे बचत या चालू खाते में जमा राशि एवं सावधि जमा की परिपक्वता राशि का दावा यदि 10 वर्ष की अवधि तक नहीं किया जाता तथा ऐसे शासकीय खाते जिनमें विगत 10 वर्ष से किसी भी प्रकार का लेन-देन नहीं हुआ है, उन खातों के संबंध में निर्धारित प्रारूप में वांछित जानकारी आगामी 03 कार्य दिवस 21 सितम्बर तक जिला कोषालय सीधी की ओर सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर अनिवार्य रूप से भेजना सुनिश्चित करें। उक्त जानकारी निर्धारित समयावधि में उपलब्ध नहीं करने पर संबंधित डीडीओ व कार्यालय प्रमुख का आगामी सितंबर 2024 वेतन भुगतान नहीं किया जावेगा।

# प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश ने किया जिला जेल का निरीक्षण

## जेल में किया गया विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन

**सीधी।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण नई दिल्ली एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के आदेशानुसार प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय के द्वारा दिनांक 19.09.2024 को जिला जेल सीधी का निरीक्षण कर विधिक जागरुकता एवं साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय ने उपस्थित बंदियों को अपील एवं पेरोल के अधिकार तथा विधिक सहायता योजना की जानकारी दी



गई तथा बंदियों को उनकी समस्या पूछी गई। श्री पाण्डेय द्वारा बंदियों को दी जाने वाली चिकित्सा, भोजन, साफ-सफाई, परिवारों से मिलाई तथा बंदियों के कल्याण के लिए चलाई जा रही योजना, पढ़ाई एवं मनोरंजन आदि के संबंध में पूछताछ कर निर्देश दिये गये। जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री वीरेन्द्र जोशी ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अंतर्गत बंदियों के लिये संचालित योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

उक्त शिविर में प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश तथा अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री संजीव कुमार पाण्डेय, विशेष न्यायाधीश श्रीमती रमा जयंत मित्तल, जिला न्यायाधीश एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री वीरेन्द्र जोशी चतुर्थ जिला न्यायाधीश श्री गौतम कुमार गुजरे, जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री सिद्धार्थ शुक्ला, जेल अधीक्षक आर.एस. सिंह उप जेल अधीक्षक श्री कृष्णकांत तिवारी सहित जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण तथा जिला जेल के कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

## संपादकीय

### आप सरकार के दावे खोखले

दिल्ली में आम आदमी पार्टी की सरकार का यह दावा रहा है कि उसने यहां स्वास्थ्य और शिक्षा के क्षेत्र में बड़े सुधार किए हैं और आम जनता को इसका बहुत ज्यादा लाभ मिला है। मगर अक्सर ऐसी घटनाएं सामने आती रहती हैं, जिनसे पता चलता है कि सरकार के दावों के बरक्स जमीन पर हकीकत बहुत अलग है। खासतौर पर दिल्ली के अस्पतालों की हालत यह है कि किसी मरीज को समय पर इलाज नहीं मिल पाया, उसे अलग-अलग अस्पतालों में भटकना पड़ा और आखिर इसी वजह से उसकी जान चली गई। गौरतलब है कि दिल्ली के हरिदास नगर इलाके में एक क्लस्टर बस की टक्कर से बुरी तरह घायल एक युवक को लेकर उसके परिजन एम्स के स्वास्थ्य केंद्र, दीनदयाल उपाध्याय अस्पताल और सफदरजंग अस्पताल में भटकते रहे, मगर इलाज नहीं मिल पाया। हार कर उन्होंने युवक को जब एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया, तब तक तीन घंटे से ज्यादा वक्त गुजर गया था। इस बीच युवक की हालत इतनी बिगड़ गई कि आखिर उसने दम तोड़ दिया। युवक इतनी देर तक बचा रहा तो इससे साफ है कि अगर उसे समय पर उचित इलाज मिल जाता तो वह जिंदा बच जाता। मगर बढ़-चढ़ कर किए जाने वाले दावों की हकीकत यह है कि आपात स्थिति में होने के बावजूद सही वक्त पर इलाज नहीं मिल सका और युवक की जान चली गई। ऐसा नहीं है कि यह इस तरह का कोई अकेला मामला है। इससे पहले जनवरी और अप्रैल में भी इस तरह की घटनाएं सामने आ चुकी हैं, जब आपात अवस्था में अलग-अलग मरीजों को अस्पतालों में भटकने पर मजबूर होना पड़ा और इसी क्रम में हुई देरी की वजह से आखिर उसकी मौत हो गई। कहने को देश की राजधानी दिल्ली में बड़े और बहुत अच्छे अस्पताल हैं, लेकिन आपात अवस्था में जान बचाने की भूख में पहुंचे किसी व्यक्ति के इलाज के लिए कहीं चिकित्सक उपलब्ध नहीं हो पाती, तो कहीं बिस्तर या फिर चिकित्सीय उपकरणों की कमी के दुश्चक्र में फंस कर उसकी जान चली जाती है। इस अफसोसनाक तस्वीर के रहते दिल्ली के स्वास्थ्य क्षेत्र में सुधार के दावों को कैसे देखा जाएगा?

# बुढ़ापे का स्वास्थ्य सुरक्षा कवच बनाने की सराहनीय पहल

**केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य कदम है। अपने देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार के छह करोड़ बुजुर्ग इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। इस योजना से हम एक ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सकेंगे। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी जनकल्याणकारी सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पारिवारिक एवं सामाजिक घोर उपेक्षा एवं उदासीनता के कारण बुढ़ापा अपने आप में एक रोग ही बनता गया है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है।**

(ललित गर्ग)

राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का स्वास्थ्य बीमा हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है।

केंद्र सरकार ने अब सत्तर साल से ऊपर के सभी वरिष्ठ नागरिकों को 'आयुष्मान भारत' योजना में शामिल करने का निर्णय लिया है, जो सुखद एवं स्वागतयोग्य कदम है। अपने देश के करीब साढ़े चार करोड़ परिवार के छह करोड़ बुजुर्ग इस योजना के अंतर्गत मुफ्त इलाज करा सकेंगे। दरअसल वर्ष 2018 में शुरू हुई आयुष्मान भारत योजना में अब तक केवल गरीब परिवार ही शामिल हो सकते थे, जिन्हें पांच लाख का कैशलेस कवर दिया जाता था। अब इस सार्वभौमिक स्वास्थ्य योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। इस योजना से हम एक ऐसी दुनिया बना सकेंगे जहाँ हर बुजुर्ग अपने बुढ़ापे को गरिमा, आत्मसम्मान, सुरक्षा और स्वस्थता के साथ जी सकेंगे। इसके लिये प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी जनकल्याणकारी सरकार को साधुवाद दिया जाना चाहिए। पारिवारिक एवं सामाजिक घोर उपेक्षा एवं उदासीनता के कारण बुढ़ापा अपने आप में एक रोग ही बनता गया है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। संयुक्त परिवारों के विघटन और एकल परिवारों के बढ़ते चलन ने इस स्थिति को नियंत्रण से बाहर कर दिया है। उम्मीद की जानी चाहिए कि सरकार की नयी पहल का बेहतर तरीके से क्रियान्वयन हुआ तो यह फैसला इस आयुवर्ग के बुजुर्गों की सेहत को लेकर सुरक्षा कवच का काम करेगा। यह जरूरत इसलिए भी महसूस की जा रही थी क्योंकि आने वाले बीस वर्ष में भारत की बुजुर्ग आबादी तीन गुना होने की संभावना है।

नये भारत-विकसित भारत की उन्नत एवं आदर्श संरचना बिना वृद्धों की सम्मानजनक स्थिति के संभव नहीं है। यदि परिवार के वृद्ध कष्टपूर्ण जीवन व्यतीत कर रहे हैं, रुग्णावस्था में बिस्तर पर पड़े कराह रहे हैं, भरण-पोषण एवं उचित स्वास्थ्य-सेवाओं को तरस रहे हैं तो यह हमारे लिए वास्तव में लज्जा एवं शर्म का विषय है। वर्तमान युग की बड़ी विडम्बना एवं विसंगति है कि वृद्ध अपने ही घर की दहलीज पर सहमा-सहमा खड़ा है, वृद्धों की उपेक्षा स्वस्थ एवं सुसंस्कृत परिवार परम्परा पर तो काला दाग है ही, शासन-व्यवस्थाओं के लिये भी लज्जाजनक है। हम सुविधावादी एकांगी एवं संकीर्ण सोच की तंग गलियों में भटक रहे हैं तभी वृद्धों की आंखों में भविष्य को लेकर भय है, असुरक्षा और दहशत है, दिल में अन्तहीन दर्द है। इन त्रासद एवं डरावनी स्थितियों से वृद्धों को मुक्ति दिलाने एवं उनके स्वास्थ्य विषयक खर्चों एवं चिन्ताओं को दूर करने के लिये केन्द्र सरकार ने आयुष्मान भारत प्रधानमंत्री जन आरोग्य योजना के अन्तर्गत 70 वर्ष और उससे अधिक आयु के सभी वरिष्ठ नागरिकों को वित्तीय लाभ देने का फैसला लिया है, वह सराहनीय एवं प्रासंगिक निर्णय है। इस फैसले की जरूरत इसलिए थी क्योंकि सामाजिक सुरक्षा के मामले में भारत बहुत पीछे है।



राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे 2019-21 की रिपोर्ट से पता चलता है कि देश में ऐसे परिवारों की संख्या केवल 41 प्रतिशत है, जिनके कम से कम एक सदस्य का स्वास्थ्य बीमा हो। बिहार, महाराष्ट्र जैसे बड़ी आबादी वाले राज्यों में तो यह राष्ट्रीय औसत के करीब आधे के बराबर है। स्वास्थ्य बीमा को लेकर यह उदासीन रवैया हमारी उस आदत की वजह से है, जिसमें ज्यादातर लोग यह सोचते हैं कि जब बीमारी आएगी तो देखा जाएगा। बहुत से लोग जीवन बीमा और स्वास्थ्य बीमा को एक ही चीज समझ लेते हैं। लेकिन, जब बीमारी सिर पर आती है, तो पूरे घर के बजट को तहस-नहस एवं असंतुलित कर देती है। सरकार का मौजूदा कदम कई परिवारों को ऐसे आर्थिक दुष्चक्र में फंसने से बचा सकता है। भारत में इलाज दिनों-दिन महंगा होता जा रहा है। जब आय के स्रोत सिमट जाते हैं और बच्चों से पर्याप्त मदद नहीं मिलती तो शरीर में रोग दस्तक देने लगते हैं, फिर महंगे इलाज की चिंता और बढ़ जाती है। अकसर भारत में कर्मचारी व आम लोग सोचते हैं कि वे जीवन भर आयकर चुकाते हैं, लेकिन बुढ़ापे में सरकार की ओर से सामाजिक सुरक्षा ना के बराबर होती है। लेकिन अब मोदी सरकार ने लोकतंत्र के सामाजिक कल्याणकारी स्वरूप को तरजीह दी है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं उनकी सरकार अनेक स्वस्थ एवं आदर्श समाज-निर्माण की योजनाओं को आकार देने में जुटी है, उसने वृद्धों को लेकर भी चिन्तन करते हुए वृद्ध-कल्याण योजनाओं को लागू किया है। इन योजनाओं को लागू करने की जरूरत इसलिये सामने आयी है कि वृद्धों को आत्म-गौरव के रूप में स्वीकार करने की अपेक्षा, बंधन माना जाने लगा है। वृद्धों को लेकर जो गंभीर समस्याएं आज पैदा हुई हैं, वह अचानक ही नहीं हुई, बल्कि उपभोक्तावादी संस्कृति तथा महानगरीय अधुनातन बोध के तहत बदलते पारिवारिक-सामाजिक मूल्यों, नई पीढ़ी की सोच में परिवर्तन आने, महंगाई के बढ़ने और व्यक्ति के अपने बच्चों और पत्नी तक सीमित हो जाने की प्रवृत्ति के कारण बड़े-बूढ़ों के लिए अनेक समस्याएं आ खड़ी हुई हैं। अब जब स्वास्थ्य बीमा का दायरा बढ़ाया गया है तो यह उम्मीद की जानी चाहिए कि खर्च को लेकर परिजनों का डर कम होगा। इस योजना का पूरा खाका सामने आना बाकी है। लेकिन यह सुनिश्चित तो करना ही होगा कि बीमा सुरक्षा कवच होने के बावजूद बुजुर्ग मुफ्त उपचार से वंचित न रह जाएं। खास तौर से सरकारी स्वास्थ्य बीमा योजनाओं को लेकर निजी अस्पतालों के रवैये को देखते हुए यह चिंता ज्यादा जरूरी हो जाती है।

विश्व स्वास्थ्य संगठन के आंकड़ों के अनुसार भारत में औसत आयु 67.3 साल है। पिछले दो दशकों में ही औसत आयु में पांच बरस से अधिक का इजाफा हो चुका है। निश्चित ही यह अच्छी खबर है, लेकिन इसके साथ यह चिंता भी जुड़ी हुई है कि देश में दिल से जुड़े रोगों और डायबिटीज के मरीजों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। अन्य रोग भी तेजी से बढ़ रहे हैं। अनुमान लगाया गया है कि भारत में 60 वर्ष से ज्यादा उम्र की जो आबादी वर्ष 2011 में 8.6 प्रतिशत थी, वह बढ़कर 2050 तक 19.5 फीसदी हो जाएगी। यह भी अनुमान है कि 2030 तक भारत में स्वास्थ्य देखभाल का 45 प्रतिशत खर्च बुजुर्ग मरीजों पर होगा। ऐसे में बुजुर्गों के सामने अनेक अन्य समस्याओं के साथ नई एवं असाध्य बीमारियां और उनका महंगा इलाज बड़ी समस्या है। ऐसी स्थितियों में अब इस योजना का लाभ सभी बुजुर्गों को दिया जाएगा। बहुत संभव है कि इस समय जब कुछ राज्यों में चुनाव की प्रक्रिया चल रही है तो इस घोषणा के राजनीतिक निहितार्थों पर चर्चा हो सकती है। लेकिन भाजपा ने 2024 में लोकसभा चुनाव के लिये जारी घोषणापत्र में किये वायदे को ही आकार दिया है।

# हौसला रखना सिखा गए कॉमरेड येचुरी

**राजनीति में इतने लंबे करियर वाला नेता मुझे ऐसा कह रहा था, मैं आज उनके भाव को समझकर रोमांचित हो रहा हूं। जो नेता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की शीर्ष इकाई 'पोलित ब्यूरो' में इतने लंबे समय से थे, जिनका संसदीय इतिहास उज्ज्वल रहा, जिन्हें एक समय सर्वश्रेष्ठ राज्यसभा सांसद माना गया, ऐसे विरल राजनेता सीताराम येचुरी (1952-2024) लंबी बीमारी से लड़ते हुए हमारे संसार से विदा हो गए हैं। भाव-विभोर हूं, आज मेरे पास सचमुच शब्द कम पड़ रहे हैं कि उनको कितना और कैसे याद करूं?**


(मनोज कुमार झा, राज्यसभा सदस्य)

आज से दस-बारह साल पहले की बात है, सीताराम येचुरी के साथ मैं एक कार्यक्रम में भाग लेकर जयपुर से लौट रहा था। तब उनके हाथ में किताब थी, ई-एमसी-2 लेखक- डेविड बोडानिस। मुझे पता था कि वह बहुत पढ़ते हैं, तो मैंने उनसे उस किताब के बारे में पूछना शुरू किया। मैंने पलटकर किताब को देखा, तो वह मुझे अच्छी लगी। उन्होंने मेरी जिज्ञासा को समझते हुए कहा कि 'मुझे अपना पता भेजो'। मैंने उन्हें अपना पता दिया और चार दिन के अंदर ही उस किताब की एक प्रति मेरे पास पहुंच गई। तब मैं विश्वविद्यालय वाले आवास में रहता था।

उनकी सबसे बड़ी खूबी यह थी कि वह लोगों के साथ बहुत कुशलता से जुड़ जाते थे। तब मैं सांसद नहीं था, पर जब मैं उनके साथ रहता था, तो वह बहुत छोटी-छोटी चीजों का भी संज्ञान लेते थे। इतना ही नहीं, वह फोन करके तरह-तरह की बातें बताया करते थे।

एक और घटना बताऊंगा। जब मैं राज्यसभा में आया, तब शायद यह वही साल था, जब वह उससे विदा हो रहे थे। उन्होंने मुझे एक संदेश भेजा कि 'कॉमरेड, तुम बहुत सही वक्त पर राज्यसभा में आए हो, मैं निकल रहा हूं और तुम आ रहे हो।'

राजनीति में इतने लंबे करियर वाला नेता मुझे ऐसा कह रहा था, मैं आज उनके भाव को समझकर रोमांचित हो रहा हूं। जो नेता मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी की शीर्ष इकाई 'पोलित ब्यूरो' में इतने लंबे समय से थे, जिनका संसदीय इतिहास उज्ज्वल रहा, जिन्हें एक समय सर्वश्रेष्ठ राज्यसभा सांसद माना गया, ऐसे विरल राजनेता सीताराम येचुरी (1952-2024) लंबी बीमारी से लड़ते हुए हमारे संसार से विदा हो गए हैं। भाव-विभोर हूं, आज मेरे पास सचमुच शब्द कम पड़ रहे हैं कि उनको कितना और कैसे याद करूं?



उनके जाने की खबर फैलते ही हमारे नेता लालू प्रसाद यादव ने मुंबई से मेरे पास फोन किया, 'ओह, यह क्या हो गया? क्या हुआ था?' फिर मैंने उन्हें बताया। खूबी देखिए, जिस प्रकार का जुड़ाव सीताराम येचुरी जी का लालू प्रसाद यादव के साथ था, ठीक वैसा ही जुड़ाव उनका तेजस्वी यादव के साथ था। एक साथ एकाधिक पीढ़ियों से उनके मजबूत संबंधों की चर्चा अब खूब होगी। वह हर स्तर पर मजबूत संबंध या संपर्क बनाने वाले कुशल राजनेता थे।

उन्हें एक ऐसे नेता के रूप में याद किया जाएगा, जिनका कामगार समाज पर कभी भरोसा कम न हुआ। मेहनतकश मजदूरों के प्रति उनके समर्पण का कोई सानी नहीं था। उनके राजनीतिक जीवन में खूब उतार-चढ़ाव आए, मगर उन्होंने न सिर्फ खुद के भरोसे को मजबूत रखा, साथ ही, हम सबको भी हमेशा भरोसा दिलाया। अपने से जुड़े व्यापक समूह में उन्होंने अपनी विचारधारा के प्रति भरोसे को लगातार जिंदा रखा।

हरेक मृत्यु अपने पीछे एक शून्य छोड़ती है, पर कॉमरेड येचुरी के देहावसान से जो शून्यता आई है, उसकी भरपायी कभी हो भी पाएगी, मुझे लगता नहीं है। आप कोई दूसरा कॉमरेड येचुरी नहीं बना सकते। मुश्किल से मुश्किल हालात में भी उन्हें मैंने कभी धैर्य खोते नहीं देखा। आम तौर पर उन्हें कभी गुस्सा करते नहीं देखा। ये सारे गुण आज दुर्लभ होते जा रहे हैं। आज जब हमारी राजनीति बहुत कटु होती जा रही है और हर जगह अदावत हावी होने लगी है, दुश्मनी वाली जुबान आम हो गई है, उस वक्त भी कॉमरेड येचुरी ने राजनीति के उस स्वभाव को बरकरार रखा, जो वास्तव में ठेठ हिन्दुस्तानी मिजाज है। यह हिन्दुस्तानी मिजाज ऐसा है कि हम परस्पर कितने भी बड़े विरोधी हो जाएं, पर एक दायरे में या मंच पर एक-दूसरे के साथ हैं।

खासकर, कॉमरेड हरकिशन सिंह सुरजीत के बाद देश की राजनीति में जो संक्रमण काल आया, उसमें वामपंथी खेमे में सीताराम येचुरी की भूमिका बहुत बढ़ गई थी। यूपीए सरकार में वाम पार्टियां भी शामिल हुई थीं। गठबंधन कैसे बनाना है, मुद्दे क्या होंगे, सरकार का 'कॉमन मिनिमम प्रोग्राम' क्या होगा, यह सब तय करने में उनकी भूमिका को हमेशा याद किया जाएगा।

सुरजीत सिंह के बाद वाले दौर में किसान, मजदूर की राजनीति, हाशिये के लोगों की राजनीति के लिए मैदान आसान नहीं था। मान्यताएं काफी बदल गई थीं, बहुसंख्यक प्रभुत्व की राजनीति हावी हो रही थी, तब कॉमरेड येचुरी ने न केवल कॉमरेड सुरजीत की विरासत को आगे बढ़ाया, बल्कि वामपंथी वैचारिकी के प्रति उम्मीद को बनाए रखा।

## वर्ग पहेली 5497

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | | 5 | 6 |
| 7 | | | | 8 | 9 | | |
| 10 | | | 11 | | | | |
| | | 12 | | | | 13 | |
| 14 | 15 | | | | 16 | | |
| 17 | | | 18 | 19 | | 20 | |
| | | 21 | | | | 22 | 23 |
| | | 24 | | | 25 | | |

संकेत: बाएं से दाएं

1. 1618 को इस मुगल शासक ने जन्म लिया था जिन्हें आलमगीर भी कहते थे (5)
5. तिनके की जाति का एक लंबा, सीधा और गिरहदार पौधा (2)
7. पुराणानुसार अयोध्या के सूर्यवंशी राजा जिनकी दूसरी रानी सुमति के गर्भ से 60000 पुत्र हुए थे (3)
8. यह मक्का शरीफ की तीर्थ यात्रा कहलाती है (2)
10. जिस वाद्य में तार लग हों (2)
11. रोगी, बीमार (3)
12. विशाल, बड़ा, वृहत (3)
13. बढ़ती का समय, अभ्युदय काल (2)
14. जिस पर कुछ अंकित न हो (2)
17. हृदय, अंतकरण (2)
18. पुराणानुसार भगवान शंकर का एक गण जिसने दक्ष के यज्ञ का विध्वंस किया था (4)
21. पिंडदान को यह भी कहा जाता है (3)
22. चरबी, फैट, मेदा (3)
24. यह म्यांमार देश का पुराना नाम है (2)
25. अरब का प्रसिद्ध नगर जहां हजरत अली की मजार है (3)

ऊपर से नीचे

1. बीच की संख्या, माध्य, बीच का (3)
2. रंग से युक्त होने का भाव, मजा (3)
3. रचेता, विष, जहर, व्यवसायी (2)
4. 33 छोटे-छोटे द्वीप वाला एक अरब देश जिसकी राजधानी मनामा है (4)
6. अभिभावक, संरक्षक, संरक्षण देने वाला (5)
9. न्यायाधीश (2)
11. हिंदी की सर्वाधिक प्रतिभावान कवयित्री जिन्हें आधुनिक मीरा के नाम से जाना जाता है (6)
14. यह तीसरा वेद है जिससे संगीत शास्त्र का आरंभ होता है (4)
15. स्वेच्छा से दिया हुआ धन, द्रव्यादि (2)
16. पंच तत्वों में से एक, आकाश, गगन (2)
19. क्रिकेट के बल्लेबाजों का मापदंड (2)
20. गोंद, वृक्ष निर्यात, श्लेषी (3)
21. समस्त, कुल, एक प्रसिद्ध टीवी चैनल (2)
23. स्वच्छ, निर्मल (2)

### वर्ग पहेली 5496 का हल

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| ज | वा | ह | र | ला | ल | | स |
| ग | ग | क | | य | क | स | र |
| दं | | त | ला | क | | फ | ल |
| बा | द | ल | | | भ | र | ता |
| | स | फी | ना | | ला | ना | |
| रा | ह | | च | बु | | मा | रा |
| | री | झ | ना | | व्यो | | भि |
| | | ट | | ह | म | द | र्द |

# अफगानों से कैसे किया दुनिया ने छल

(हर्ष वी पंत)

दुनिया लगातार संकट में ही दिख रही है। मध्य-पूर्व का युद्ध तो है ही, जो असल में कभी बंद ही नहीं हुआ, यूरोप भी युद्ध में बुरी तरह फंसा दिख रहा है, जहां मान लिया गया था कि वह इस तरह के संघर्षों से आगे निकल चुका है। इन तमाम उथल-पुथल के बीच दुनिया के एक खास हिस्से को करीब-करीब भुला दिया गया है, जो 11 सितंबर, 2001 के आतंकवादी हमलों के बाद वैश्विक चर्चा का केंद्र बन गया था।

तालिबान का नया कानून - अगस्त 2021 में अमेरिकी सेना की वापसी के बाद से अफगानिस्तान की ओर दुनिया का ध्यान जैसे हट चुका है। यह दिखाने की कोशिश हो रही है कि यह देश कोई मुद्दा नहीं रहा, लेकिन अफगानिस्तान बार-बार सुर्खियों में आ जाता है। पिछले महीने ही तालिबान ने सर्वोच्च नेता हिबतुल्लाह अखुंदजादा द्वारा अनुमोदित नए कानून जारी किए। कहा जा रहा है कि ये कानून अच्छाई को बढ़ावा देने और बुराई को खत्म करने में मददगार होंगे। 2021 में तालिबान के सत्ता में लौटने के बाद से यह अफगानिस्तान में बुराई और अच्छाई वाले कानूनों की पहली औपचारिक घोषणा है।

महिलाएं मुख्य निशाना - ये कानून रोजमर्रा की जिंदगी के पहलुओं से जुड़े हैं, लेकिन इनका मुख्य निशाना हैं महिलाएं और लड़कियां, जो पहले ही छठी कक्षा से आगे की पढ़ाई करने और स्थानीय नौकरियां करने से रोकी जा चुकी हैं। महिलाओं को जब भी बाहर जाना हो, उनके साथ एक पुरुष अभिभावक होना जरूरी होता है। तालिबान ने व्यभिचार के आरोप में महिलाओं को सार्वजनिक रूप से कोड़े और पत्थर मारने का नियम फिर से लागू करने की भी घोषणा की है। महिलाओं और लड़कियों को सार्वजनिक जीवन के लगभग हर क्षेत्र से बाहर रखने और उन्हें बुनियादी मानवाधिकारों से वंचित करने के इस व्यवस्थित प्रयास को ठीक ही 'लैंगिक रंगभेद' कहा गया है।

और सख्त पाबंदियां -नए कानून अफगानिस्तान की 1.4 करोड़ महिलाओं और लड़कियों की तकलीफ व पीड़ा को बढ़ाते हुए उनकी स्थिति को बदतर बनाने वाले हैं। अब महिलाओं के लिए सार्वजनिक तौर पर अपने शरीर को हमेशा पूरी तरह ढके रहना अनिवार्य होगा क्योंकि 'प्रलोभन से बचने और दूसरों को बचाने के लिए' उनका चेहरा ढके रहना जरूरी है। नए नियमों के मुताबिक जब भी कोई वयस्क महिला घर से बाहर निकलती है, तो उसे 'अपनी आवाज, चेहरा और शरीर' छिपाकर रखना होगा। यानी बुर्का डालकर भी कोई महिला सार्वजनिक रूप से कुछ गा, पढ़ या बोल नहीं पाएगी।

पुरुष भी हैं जद में - नए नियम अफगान जीवन के अन्य पहलुओं को भी प्रभावित करते हैं। मसलन, ये समलैंगिकता, पशुओं की लड़ाई, सांस्कृतिक समारोहों को भी प्रतिबंधित करते हैं। किसी सार्वजनिक मौके पर या गैर-मुस्लिम छुट्टियों में संगीत बजाने पर भी प्रतिबंध लग चुका है। साफ है कि ये नियम पुरुषों पर भी लागू होते हैं, उनकी गतिविधियों को भी सीमित करते हैं लेकिन इनका खामियाजा खास तौर पर महिलाओं को भुगतना पड़ेगा।

संयुक्त राष्ट्र की सीमाएं - अफगानिस्तान में संयुक्त राष्ट्र की विशेष प्रतिनिधि रोजा ओटुनबायेवा ने इस पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि 'यह अफगानिस्तान के भविष्य के लिहाज से परेशान करने वाला दृश्य है। मोरल पुलिसिंग करने वालों के पास असीमित ताकत आ गई हैज वे किसी को भी धमकाने और हिरासत में लेने की स्थिति में आ गए हैं।'

# आज का राशिफल

### मेष

आज दिन शुभ है और भाग्य आपका साथ देगा। महत्वाकांक्षी प्रकृति वालों को लाभ होगा और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। यात्रा सामान्य रूप से लाभप्रद होगी और आपकी योजनाएं सफल होंगी। दोपहर के बाद उच्चाधिकारी से वाद विवाद होने से कानूनी पक्ष में नया मोड़ आ सकता है।

### वृषभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा और आपकी योजनाएं सफल होने से आपका मन प्रसन्न होगा। साथ ही आपको थोड़ा सावधान रहने की सलाह है। आपकी कार्यक्षेत्र में अधिकारी से या व्यवसाय में व्यापारी से अनबन हो सकती है।

### तुला

आज करियर में सफलता का दिन है और आपके भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। सुख भोग के साधनों में वृद्धि होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा। आपको जीवनसाथी का सहयोग व सानिध्य मिलेगा। व्यवसायिक प्रयास फलीभूत होंगे।

### वृश्चिक

आज दिन शानदार और सफलता से भरा होगा। दूसरों की मदद करने के बाद आपका मन काफी प्रसन्न होगा। ऑफिस में आपके अधिकारों में वृद्धि होने के कारण साथियों का मूड कुछ खराब हो सकता है। लेकिन आपको उनकी तरफ ध्यान देने की आवश्यकता नहीं है।

### मिथुन

आज करियर में हानि की आशंका है। कोई भी काम काफी सोचकर करें वरना आपका नुकसान हो सकता है। दोपहर के बाद आप बिजनस में किसी नए आइडिया पर काम कर सकते हैं। अच्छे कार्य करने से आपको पुण्य की प्राप्ति होगी और आपका मन काफी प्रसन्न होगा।

### कर्क

आज दिन भाग्योदय कारक है। आपके लिए धन की प्राप्ति के शुभ योग बन रहे हैं। जीवनसाथी एवं व्यापार में आपके संबंध बेहतर होंगे और आपको लाभ होगा। अच्छे कार्य में आपकी रुचि बनी रहेगी और आपको खुशी होगी।

### धनु

आज करियर के मामले में नुकसान होने की आशंका है। आपका किसी काम में मन नहीं लगेगा। आपके जीवन में अशांति बढ़ सकती है और ऑफिस में लोग आपकी बातों पर ध्यान नहीं देंगे तो इससे आपको तकलीफ होगी। अपने प्रिय व्यक्ति की मदद करने के कारण कुछ परेशानी का सामना करना पड़ सकता है।

### मकर

आज भाग्य साथ दे रहा है और आपको अचानक किसी नई डील से अचानक धन का लाभ होगा। घर में पत्नी या किसी संतान की अचानक तबीयत खराब होने से टेंशन बढ़ सकती है और काफी दौड़भाग हो सकती है। किसी महत्वपूर्ण कार्य को करते समय या गाड़ी चलाते समय टेंशन को हावी न होने दें।

### सिंह

आज दिन मिश्रित फल देने वाला रहेगा और आपकी अच्छी छवि का निर्माण होगा। आपको पदोन्नति के अवसर मिलेंगे और भाग्य में वृद्धि होने से आपका मन काफी प्रसन्न होगा। अवरोध-विरोध के होने पर भी संकल्पित कार्य सिद्ध होंगे और भाग्य में वृद्धि होगी।

### कन्या

आज कन्या राशि के लोगों के लिए दिन भाग्य में वृद्धि का है और आपको उत्तम संपत्ति की प्राप्ति के संकेत मिल रहे हैं। समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा में वृद्धि होगी। उत्तरदायित्व बढ़ने से कुछ असहज स्थिति उत्पन्न हो सकती है, घबराएं नहीं।

### कुंभ

आज करियर के मामले में लाभ होगा। किसी महान सफलता का हर्ष होगा। बड़ी मात्रा में रुपया हाथ में आने से संतोष होगा। दिन के उत्तरार्ध में पिछले कई दिन से चल रहे विवाद का अंत होगा। कहासुनी को बातचीत से सुलझा लेंगे। आपके घर में कोई मेहमान आ सकता है। आपकी योजनाएं सफल होंगी और कारोबार में वृद्धि होने से आपका मन प्रसन्न होगा।

### मीन

आज करियर के मामले में लाभ होगा। संतान पक्ष से संतुष्टि और हर्षदायक है। दिन अच्छा है, जिन यंगस्टर्स ने अभी अपने करियर की शुरुआत की है, उन्हें आज अपने ऑफिस में अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलेगा। कार्यक्षेत्र में मान प्रतिष्ठा बढ़ेगी।

# एक देश एक चुनाव को कैबिनेट से मंजूरी मिलते ही सियासी हलकों में विरोध, कांग्रेस सहित 15 विपक्षी दलों ने नकारा



**नई दिल्ली, एजेंसी।** एक देश एक चुनाव पर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति के द्वारा तैयार की गई रिपोर्ट को कैबिनेट की मंजूरी मिलने के बाद सियासी हलकों में विरोध तेज हो गया है। कैबिनेट द्वारा हरी झंडी दिखाने के बाद कांग्रेस समेत 15 पार्टियों ने इसका कड़ा विरोध किया है। कांग्रेस ने इसे अव्यवहारिक और असंगत बताया है। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने इस योजना को जनता का ध्यान भटकाने का प्रयास करार दिया। उन्होंने कहा, यह सफल नहीं होगा... जनता इसे स्वीकार नहीं करेगी। हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए कांग्रेस का घोषणापत्र जारी करते समय खड़गे ने यह बयान दिया। वहीं विपक्षी दलों का मानना है कि एक साथ लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराना न केवल व्यावहारिक दृष्टिकोण से चुनौतीपूर्ण है, बल्कि इससे देश की संघीय ढांचे पर भी असर पड़ सकता है। उनका तर्क है कि अलग-अलग राज्यों के राजनीतिक और सामाजिक परिप्रेक्ष्य में भिन्नता है और इन सभी को एक साथ चुनावों के जरिए संभालना कठिन होगा। खरगे ने जोर देकर कहा, यह योजना केवल सरकार द्वारा अपनी नीतियों से जनता का ध्यान हटाने की एक चाल है। कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी दलों ने यह भी आरोप लगाया कि इस तरह की योजनाओं को लागू करने से लोकतंत्र को खतरा हो सकता है और राज्यों के स्वतंत्र निर्णय लेने की क्षमता पर भी असर पड़ेगा। केंद्र सरकार की इस योजना का विरोध करते हुए विपक्ष ने साफ कर दिया है कि वह इसे संसद में उठाएंगे और देशव्यापी स्तर पर इसका विरोध करेंगे। एक देश एक चुनाव पर गठित उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट बुधवार को केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखी गई। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली समिति ने लोकसभा चुनावों की घोषणा से पहले मार्च में रिपोर्ट सौंपी थी। केंद्रीय मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि सर्वसम्मति से मंजूरी दी गई रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा था। उच्च स्तरीय समिति ने पहले कदम के रूप में लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने और उसके बाद 100 दिनों के भीतर स्थानीय निकाय चुनाव कराने की सिफारिश की थी। समिति के द्वारा दी गई सिफारिशों के क्रियान्वयन पर विचार करने के लिए एक 'कार्यान्वयन समूह' गठित करने का भी प्रस्ताव रखा था। समिति ने भारत के निर्वाचन आयोग द्वारा राज्य निर्वाचन प्राधिकारियों से विचार-विमर्श कर एक साझा मतदाता सूची और मतदाता पहचान पत्र बनाने की भी सिफारिश की।

मौजूदा वक्त में लोकसभा और विधानसभा चुनाव कराने की जिम्मेदारी भारत के निर्वाचन आयोग की है जबकि नगर निगमों और पंचायतों के लिए स्थानीय निकाय चुनाव राज्य निर्वाचन आयोग कराते हैं। समिति ने 18 संवैधानिक संशोधनों की सिफारिश की, जिनमें से अधिकांश को राज्य विधानसभाओं द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता नहीं होगी। हालांकि, इसके लिए कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित करने की जरूरत होगी।

एक मतदाता सूची और एक मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित संशोधनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी एक साथ चुनाव कराने पर अपनी रिपोर्ट जल्द ही पेश कर सकता है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने एक साथ चुनाव कराने के प्रबल समर्थक रहे हैं। सूत्रों ने कहा कि विधि आयोग सरकार के तीन स्तरों - लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं तथा पंचायतों जैसे स्थानीय निकायों के लिए 2029 से एक साथ चुनाव कराने और त्रिशंकु सदन जैसे मामलों में एकता सरकार बनाने के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

## नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक जंगलराज का प्रमाण: मल्लिकार्जुन खड़गे

**नवादा, एजेंसी।** बिहार के नवादा में महादलित टोला में दबंगों द्वारा फायरिंग के बाद 80 घरों में आग लगाने कि घटना को कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने जंगलराज का नाम दिया है। उन्होंने केंद्र और राज्य सरकारी की कार्यशैली पर सवाल उठाए हैं। कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने इस घटना को लेकर नीतीश सरकार पर हमला बोला है। उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर लिखा कि, बिहार के नवादा में महादलित टोला पर दबंगों का आतंक एनडीए की डबल इंजन सरकार के जंगलराज का एक और प्रमाण है। बेहद निंदनीय है कि करीब 100 दलित घरों में आग लगाई गई, गोलीबारी की गई और रात के अंधेरे में गरीब परिवारों का सब कुछ छीन लिया गया। भाजपा और उसके सहयोगी दलों की दलितों-वंचितों के प्रति घोर उदासीनता, आपराधिक उपेक्षा व असामाजिक तत्वों को बढ़ावा अब चरम पर है। प्रधानमंत्री मोदी हमेशा की तरह मौन हैं, नीतीश जी सत्ता के लोभ में बेफिक्र हैं और एनडीए की सहयोगी पार्टियों के मुंह में दही जम गया है। कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी ने एक्स पोस्ट पर लिखा, नवादा, बिहार में महादलितों के 80 से ज्यादा घरों को जला देने की घटना बेहद खौफनाक और निंदनीय है। दर्जनों राउंड फायरिंग करते हुए इतने बड़े पैमाने पर आतंक मचाकर लोगों को बेघर कर देना यह दिखाता है।

## 2026 के विधानसभा चुनावों से पहले तमिलनाडु भाजपा जिला समितियों की संख्या बढ़ाएगी



**चेन्नई, एजेंसी।** भाजपा की तमिलनाडु इकाई 2026 के विधानसभा चुनावों की तैयारियों के तहत संगठन के जमीनी ढांचे में सुधार के लिए बड़े संगठनात्मक सुधार की योजना बना रही है। भाजपा के सूत्रों के अनुसार, पार्टी जिला समितियों की संख्या को मौजूदा 66 से बढ़ाकर 78 करने की योजना बना रही है। राज्य नेतृत्व का मानना है कि जिला इकाइयों की संख्या बढ़ाने से पार्टी के पास अधिक कार्यकर्ता और पदाधिकारी होंगे, जिससे राज्य में इसकी उपस्थिति बढ़ेगी। भाजपा ने पहले ही बूथ स्तर पर 200 नए सदस्यों को शामिल करने की योजना बनाई है, जिससे पूरे राज्य में भाजपा का विस्तार होगा और तमिलनाडु की राजनीति में भाजपा एक शक्तिशाली इकाई बन जाएगी। 2 सितंबर से शुरू हुआ भाजपा का सदस्यता अभियान तमिलनाडु में पिछड़ रहा है। भाजपा के एक वरिष्ठ नेता ने आईएएनएस को बताया कि एआईएडीएमके से संबंध तोड़ने के बाद पार्टी की विचारधारा में बदलाव से स्थानीय और मध्य-स्तर के कार्यकर्ता भ्रमित हैं। सदस्यता अभियान में धीमी प्रगति का यही एक कारण है। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में गठबंधन की राजनीति चल रही है और उचित सहयोगियों के बिना पार्टी प्रदेश की राजनीति में प्रभाव नहीं डाल पाएगी। पार्टी द्वारा एआईएडीएमके के साथ दशकों पुराना संबंध समाप्त करने के बाद पार्टी के कई जमीनी और मध्यम स्तर के कार्यकर्ता पार्टी गतिविधियों में धीमी गति से आगे बढ़ रहे हैं। तमिलनाडु भाजपा ने खुद को द्रविड़ पार्टियों और राजनीति के विकल्प के रूप में पेश किया है। हालांकि, इस कदम से अपेक्षित नतीजे नहीं मिले हैं और पार्टी के कई पारंपरिक क्षेत्रों में नाराजगी भी पैदा हुई है।

## संक्षिप्त समाचार

### हरियाणा में सीएम के नाम पर फैसला पार्टी करेगी : विनेश फोगाट



**जुलाना, एजेंसी।** हरियाणा की जुलाना सीट से कांग्रेस की उम्मीदवार विनेश फोगाट जोरशोर से चुनाव-प्रचार में जुटी हुई है। इस बीच विनेश फोगाट बुधवार को जुलाना के पड़ाना गांव पहुंची। यहां गांव के लोगों ने उनका जोरदार स्वागत किया। इस दौरान उन्होंने कांग्रेस की जीत का दावा किया। कांग्रेस उम्मीदवार विनेश फोगाट ने आईएएनएस से खास बातचीत में कहा, एक खिलाड़ी और राजनेता होने के नाते मुझे जो प्यार-सम्मान मिला है, उसे पाकर मैं काफी खुश हू। मुझ पर जिम्मेदारियां बहुत है और मैं सभी की उम्मीदों पर खरी उतरूंगी। विनेश फोगाट ने कहा कि हरियाणा में बहू-बेटियों का पूरा सम्मान होता है। राज्य में कांग्रेस की लहर चल रही है और सीएम के नाम पर फैसला पार्टी को करना है। उन्होंने कहा, मैं सभी कांग्रेस कार्यकर्ताओं को धन्यवाद करती हूं, जो जमीन पर रहकर पार्टी के लिए काम कर रहे हैं। मैं अपने क्षेत्र की जनता की पगड़ी की लाज रखूंगी। सभी जानते हैं कि आप लोगों ने पिछले 10 साल में कितनी पीड़ा झेली है, इसलिए मैं यही अपील करूंगी कि कांग्रेस के पक्ष में मतदान करें। विनेश फोगाट ने जनता से वादा करते हुए आगे कहा, मुझे अपने गृह जनपद में खेल की सुविधाएं नहीं मिल पाई थी, मुझे सोनीपत जाना पड़ा, मैं चाहती हूं कि सभी युवाओं को खेल की सुविधाएं उनके ही क्षेत्र में मिले, इस पर मैं काम कर रही हूं। आपको विश्वास दिलाना चाहती हूं कि मैं गांव की बेटी हूं और यहीं रहकर काम करना चाहती हूं। उल्लेखनीय है कि हरियाणा में 5 अक्टूबर को प्रदेश की सभी 90 सीटों पर वोट डाले जाएंगे। मतगणना 8 अक्टूबर को होगी। चुनाव को लेकर सियासी तपिश चरम पर है। एक तरफ सत्ता में बने रहने के लिए भाजपा हर संभव कोशिश कर रही है। दूसरी तरफ कांग्रेस सत्ता में वापसी के लिए पूरा जोर लगा रही है। इन सबके बीच आम आदमी पार्टी (आप) भी अपनी जमीन तलाश रही है।

### विश्व मुक्केबाजी विजेता निकहत जरीन तेलंगाना पुलिस में डीएसपी के पद पर नियुक्त



**हैदराबाद, एजेंसी।** एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य सरकार ने जरीन को डीएसपी (विशेष पुलिस) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। प्रसिद्ध भारतीय मुक्केबाज निकहत जरीन ने तेलंगाना पुलिस में पुलिस उपाधीक्षक (डीएसपी) के रूप में कार्यभार संभाल लिया है। उन्होंने पुलिस महानिदेशक जितेंद्र को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। बुधवार रात जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि राज्य सरकार ने जरीन को डीएसपी (विशेष पुलिस) के रूप में नियुक्त करने के आदेश जारी किए थे, जिसके बाद उन्होंने डीजीपी को अपना नियुक्ति पत्र सौंपा। निजामाबाद जिले की रहने वाली जरीन दो बार विश्व बॉक्सिंग विजेता रह चुकी हैं और उन्होंने राष्ट्रमंडल खेलों में स्वर्ण पदक तथा एशियाई खेलों में कांस्य पदक भी जीता है। विज्ञप्ति में कहा गया है कि उन्होंने हाल ही में पेरिस में आयोजित ओलंपिक में भाग लिया था। अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) (कानून एवं व्यवस्था प्रभारी कार्मिक) महेश एम. भागवत ने निकहत जरीन को बधाई दी।

### पुरानी रंजिश के चलते तीन लोगों को चाकू मारा, तीन आरोपी गिरफ्तार, दो फरार

**बेंगलुरु, एजेंसी।** कर्नाटक के चेन्नम्मा सर्कल में मंगलवार आधी रात को तीन युवकों को चाकू मारने की घटना हुई. पुलिस ने बताया कि घटना में दर्शन पाटिल, सतीश पुजारी और प्रवीण गुंडियागोला घायल हो गए. युवक के पेट में चाकू घोंपकर पांच आरोपी फरार हो गए. पुलिस ने मामले में तीन आरोपियों गिरफ्तार कर लिया है. वहीं, घायलों को इलाज के लिए बेलगावी जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है और उनका इलाज किया जा रहा है. पुलिस ने जिला अस्पताल जाकर घटना की जानकारी ली. मामले पर टिप्पणी करते हुए सिटी पुलिस कमिश्नर इडा मार्टिन मार्बनियांग ने मीडिया से कहा, यह घटना चेनम्मा सर्किल में हुई. गणेश विसर्जन जुलूस में चाकूबाजी नहीं हुई, यह सिर्फ एक झगड़ा था. पुलिस ने झगड़ा रुकवाया और युवकों को वापस भेज दिया. उन्होंने कहा कि ऐसा लगता है कि दोनों समूहों के बीच पुरानी दुश्मनी थी. जुलूस के दौरान नाचते समय सभी एक-दूसरे को छू रहे थे. इस पर झगड़ा हो गया और तीन लोगों को मामूली चोटें आई. उन्हें अस्पताल में भर्ती कराया गया है. पुलिस आयुक्त ने ईटीवी भारत को बताया कि पुलिस ने इस मामले में पांच आरोपियों में से तीन को गिरफ्तार कर लिया है. गिरफ्तार किए आरोपियों के नाम कुरी, महेश और विजया है. मामला खड़ेबाजार पुलिस स्टेशन में दर्ज किया गया था।

## सलमान खान के घर गोलीबारी के आरोपी का दावा -जेल के डॉक्टर ने मांगे 10 हजार रुपये

**मुंबई, एजेंसी।** अभिनेता सलमान खान के आवास के बाहर गोलीबारी की घटना के एक आरोपी ने बुधवार को आरोप लगाया कि जेल के एक डॉक्टर ने उसकी टूटी हुई उंगली के इलाज के लिए पैसे मांगे। अप्रैल में गोलीबारी की घटना में कथित भूमिका के लिए गिरफ्तार किए गए हरपाल सिंह ने न्यायाधीश बीडी शेल्के के समक्ष यह आरोप लगाया, जब उसे वीडियो लिंक के जरिये मुंबई में महाराष्ट्र संगठित अपराध नियंत्रण अधिनियम (मकोका) की विशेष अदालत में पेश किया गया। अदालत ने तलोजा जेल के मुख्य चिकित्सा अधिकारी (सीएमओ) को रिपोर्ट पेश करने का निर्देश दिया। सिंह इसी जेल में बंद है। अदालत ने जेल अधिकारियों से आरोपी को आवश्यक उपचार प्रदान करने के लिए भी कहा। बांद्रा में 14 अप्रैल की सुबह सलमान के आवास गैलेक्सी अपार्टमेंट के बाहर मोटरसाइकिल सवार दो लोगों ने पांच राउंड गोलीबारी की थी। पुलिस ने दावा किया था कि हमले के पीछे लॉरेंस बिश्नोई गिरोह का हाथ है। अब तक इस मामले में छह लोग गिरफ्तार किए जा चुके हैं। सिंह ने बुधवार को अदालत को बताया कि पिछले आठ महीने से उनके दाहिने हाथ की एक उंगली चोटिल है। उसने आरोप लगाया कि सीएमओ ने उसे अस्पताल भेजने के लिए 10,000 रुपये की मांग की। अदालत ने मामले में सात अक्टूबर तक रिपोर्ट मांगी है।

## एक साथ चुनाव करवाने में 30 फीसदी कम हो सकता है खर्चा- एक्सपर्ट्स

**नई दिल्ली, एजेंसी।** चुनाव खर्च पर नजर रखने वाले एक विशेषज्ञ के अनुसार, एक राष्ट्र, एक चुनाव लागू होने पर चुनाव खर्च में कम से कम 30 प्रतिशत की कमी आ सकती है। हालांकि उन्होंने कहा कि यह निर्वाचन आयोग की कार्यकुशलता और राजनीतिक दलों के सहयोग पर निर्भर करेगा।

तीन दशकों से चुनाव व्यय पर नजर रख रहे एन भास्कर राव ने कहा कि वोट के बदले नोट या मतदाताओं को लुभाने पर अंकुश लगाए बिना चुनाव खर्च में उल्लेखनीय कमी नहीं आएगी। इस साल हुए लोकसभा चुनावों से पहले, सेंटर फॉर मीडिया स्टडीज (सीएमएस) के प्रमुख राव ने अनुमान लगाया था कि यदि 2024 में भारत में सभी स्तरों पर चुनाव होते हैं, तो इस पर 10 लाख करोड़ रुपये से अधिक खर्च होंगे।

उन्होंने कहा कि ये अनुमान संसदीय चुनावों से पहले लगाए गए थे और भविष्य के चुनावों में वास्तविक आंकड़ा इससे कहीं अधिक हो सकता है। राव ने स्पष्ट किया कि इन आंकड़ों में राजनीतिक दलों द्वारा निर्वाचन आयोग को बताए गए आधिकारिक व्यय के आंकड़ों तथा चुनाव कराने में सरकार द्वारा किए गए व्यय के अतिरिक्त बेहिसाबी व्यय भी शामिल हैं।

राव ने पीटीआई-भाषा से कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव के विचार को अपनाने से अनुमानित 10 लाख करोड़ रुपये के चुनाव खर्च में से 3-5 लाख करोड़ रुपये की बचत हो सकती है, जो निर्वाचन आयोग की कार्यकुशलता और राजनीतिक दलों के सहयोग पर निर्भर करेगा।



उन्होंने कहा, एक राष्ट्र, एक चुनाव पहल से चुनाव खर्च में कोई महत्वपूर्ण कमी नहीं आएगी। जब तक राजनीतिक दल द्वारा उम्मीदवारों के चयन, प्रचार और वर्तमान पदाधिकारियों की सुविधाओं के संबंध में अपनाए जाने वाले मौजूदा तौर-तरीकों पर लगाम नहीं लगाई जाती, जब तक निर्वाचन आयोग अधिक कार्यकुशल नहीं हो जाता, उसकी आदर्श आचार संहिता को राजनीतिक दलों द्वारा नहीं अपनाया जाता और चुनाव कार्यक्रम अधिक तर्कसंगत नहीं हो जाता, तब तक चुनाव खर्च में उल्लेखनीय कमी की उम्मीद नहीं की जा सकती।

उन्होंने बताया कि 10 लाख करोड़ रुपये के अनुमान में पांच वर्ष के कार्यकाल के आधार पर लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं व पंचायतों (तीन स्तरों) के चुनाव व्यय शामिल हैं। केंद्रीय मंत्रिमंडल ने एक साथ चुनाव कराने को लेकर पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट को बुधवार को मंजूरी दे दी। राव ने कहा, साल 2014 (36 दिन) और 2019 (38 दिन) के बजाय एक सप्ताह में चुनाव कराने से चुनाव खर्च में काफी कमी आने की संभावना है।

## मोदी की जम्मू-कश्मीर यात्रा से कांग्रेस ने भाजपा के शासन और सुरक्षा मुद्दों पर आलोचना की



**नईदिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जम्मू-कश्मीर दौरे के दौरान कांग्रेस ने भाजपा की आलोचना की और केंद्र सरकार के केंद्र शासित प्रदेश के शासन में दखलंदाजी को लेकर सवाल खड़ा किया। कांग्रेस के संचार प्रभारी महासचिव जयराम रमेश ने प्रधानमंत्री से कई तीखे सवाल पूछे और क्षेत्र में केंद्र सरकार की मंशा पर सवाल उठाए। रमेश के सवालों में जम्मू-कश्मीर की राजनीतिक और प्रशासनिक स्वायत्तता पर भाजपा के स्पष्ट उल्लंघन को उजागर किया गया। घाटी में जिस तरह से जम्मू और कश्मीर पुनर्गठन अधिनियम, 2019 में जुलाई 2024 में संशोधन किया गया उसको लेकर रमेश ने सरकार पर सवाल खड़ा किया। उन्होंने कहा कि ये परिवर्तन प्रभावी रूप से पुलिसिंग और अखिल भारतीय सेवाओं के अधिकारियों की नियुक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण निर्णय लेने की क्षमताओं को केंद्र सरकार और उसके द्वारा नियुक्त उपराज्यपाल (एलजी) को हस्तांतरित करते हैं। रमेश ने केंद्र सरकार पर भविष्य की जम्मू और कश्मीर सरकार की कार्यकारी शक्तियों को सीमित करके उसकी परिचालन प्रभावशीलता को कम करने का आरोप लगाया। उन्होंने तर्क दिया कि यह कदम जम्मू और कश्मीर के लोगों को पूर्ण राज्य का दर्जा बहाल करने की भाजपा की कथित प्रतिबद्धता के विपरीत है। रमेश ने इस क्षेत्र में भाजपा और उसके प्रतिनिधि उम्मीदवारों द्वारा बार-बार चुनावी हार का सामना करने की ओर भी इशारा किया। 2019 में अनुच्छेद 370 के विवादास्पद निरस्तीकरण सहित अपनी नीतियों के लिए व्यापक समर्थन के केंद्र सरकार के दावों के बावजूद, हाल के चुनावों के नतीजे एक अलग कहानी बताते हैं। रमेश के अनुसार, कश्मीर घाटी में भाजपा की कोई भी लोकसभा सीट हासिल करने में विफलता और उसके समर्थकों का खराब प्रदर्शन लोकप्रिय समर्थन की कमी को दर्शाता है। चुनावी नतीजों का यह पैटर्न केंद्र सरकार के जम्मू-कश्मीर की जनता की इच्छा के अनुसार काम करने के दावों पर और सवाल खड़े करता है। जम्मू और कश्मीर में सुरक्षा चिंताएं और निवेश के मुद्दे कांग्रेस महासचिव ने जम्मू-कश्मीर में निवेश आकर्षित करने में केंद्र सरकार की अक्षमता के बारे में एक और महत्वपूर्ण मुद्दा उठाया, यहां तक कि लिथियम खनन जैसे महत्वपूर्ण क्षमता वाले क्षेत्रों में भी। रियासी जिले में लगभग छह मिलियन टन लिथियम भंडार की खोज के बावजूद, वैश्विक ऊर्जा संक्रमण के लिए महत्वपूर्ण खनिज, सरकार निवेशकों की रुचि जगाने के लिए संघर्ष कर रही है। रमेश इस विफलता को वित्तीय उदासीनता के लिए नहीं बल्कि क्षेत्र में बिगड़ती सुरक्षा स्थिति के लिए जिम्मेदार ठहराते हैं। उन्होंने जुलाई 2024 में आतंकवादी हमलों में बारह सैनिकों की शहादत और रियासी में एक नागरिक बस पर हुए हिंसक हमले को अस्थिर माहौल का सबूत बताया जो निवेशकों को हतोत्साहित करता है।

## जम्मू-कश्मीर के बाद झारखंड और महाराष्ट्र में भी आरएलडी लड़ना चाहती है चुनाव

**नईदिल्ली, एजेंसी।** बीजेपी के साथ गठबंधन करके यूपी में दो लोकसभा सीटें जीतने के बाद से केंद्रीय मंत्री जयंत चौधरी के सियासी मंसूबे सातवें आसान पर नजर आ रहे हैं। उनकी पार्टी आरएलडी भाजपा के कहने पर हरियाणा विधानसभा चुनाव में तो नहीं उतरी है, लेकिन जम्मू और कश्मीर में जरूर भाग्य आजमा रही है। चौधरी आगे झारखंड विधानसभा चुनाव को लेकर भी संभावनाएं तलाश रहे हैं। राष्ट्रीय लोक दल (आरएलडी) जम्मू और कश्मीर की 10 सीटों पर चुनाव लड़ रही है। हालांकि, यहां उसका बीजेपी के साथ कोई गठबंधन नहीं हुआ है और अकेले चुनाव मैदान में है। लेकिन, अब यह पार्टी झारखंड विधानसभा चुनाव भी लड़ने की योजना बना रही है, जिसके नवंबर में होने की संभावना है।



**झारखंड में चुनाव लड़ने की गंभीरता से सोच रही है आरएलडी :** झारखंड में चुनाव लड़ने की संभावनाओं को लेकर पार्टी सुप्रीमो जयंत चौधरी मंगलवार को रांची गए, जहां वे पार्टी की चुनावी संभावनाओं को तलाशने के साथ-साथ भाजपा से गठबंधन में चुनाव लड़ने को लेकर भी पार्टी के वरिष्ठ नेताओं से चर्चा करने वाले थे। इससे पहले आरएलडी के राष्ट्रीय सचिव अनुपम मिश्रा की अगुवाई में पार्टी का एक ग्रुप बीजेपी के उपाध्यक्ष और झारखंड में पार्टी के प्रभारी लक्ष्मीकांत बाजपेयी के साथ भी चुनाव-पूर्व गठबंधन को लेकर बातचीत हो चुकी है। आरजेडी के एक वरिष्ठ पदाधिकारी के मुताबिक, %चीजें सही दिशा में बढ़ रही हैं और हम सकारात्मक नतीजों की उम्मीद कर रहे हैं। दरअसल, पार्टी उत्तर प्रदेश से आगे निकलकर अन्य प्रदेशों में भी अपना विस्तार करना चाह रही है। जब पार्टी इंडिया ब्लॉक के साथ जुड़ी हुई थी तो राजस्थान की भरतपुर सीट पर उसके प्रत्याशी सुभाष गर्ग को जीत भी मिली। लेकिन, लोकसभा चुनावों से ठीक पहले जयंत चौधरी ने एनडीए का साथ अपना लिया। आरएलडी हरियाणा में भी विधानसभा चुनाव लड़ना चाहती थी, लेकिन, भाजपा के दबाव में वह वहां चुनाव नहीं लड़ सकी। पिछले लोकसभा चुनाव में यूपी में आरएलडी एनडीए गठबंधन में रहकर बागपत और बिजनौर की सीटें जीती है।

## एनडीए के बिहारी साथियों को एक देश एक चुनाव स्वीकार

**नईदिल्ली, एजेंसी।** एक देश एक चुनाव पर कैबिनेट ने मुहर लगा दी है। खास बात है कि केंद्र सरकार के इस फैसले का चुनाव बिहार में एनडीए यानी नेशनल डेमोक्रेटिक अलायंस के साथी दलों ने भी किया है। कहा जा रहा है कि यह पहला मौका है जब बिहार के साथी दल और भारतीय जनता पार्टी के सुर किसी मुद्दे पर एक हुए हैं। दरअसल, इससे पहले जनता दल (यूनाइटेड) और लोकजनशक्ति पार्टी (रामविलास) की लेटरल एंट्री और वक्फ बोर्ड बिल के मामले में राय अलग थी। वन नेशन वन इलेक्शन के मुद्दे पर जेडीयू, लोजपा (आर) और हिन्दुस्तानी आवाम मोर्चा (सेक्युलर) कैबनेट के प्रस्ताव का समर्थन करते नजर आ रहे हैं। इंडियन एक्सप्रेस से बातचीत में जेडीयू के सलाहकार केसी त्यागी ने बताया, बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सालों पहले ही एक देश एक चुनाव को लेकर अपना समर्थन जाहिर कर दिया था। यह हमारे जैसे कम इलेक्शन फंड वाले छोटे दलों के लिए मददगार होगा। पार्टी प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा, केंद्रीय मंत्री राजीव रंजन सिंह और राज्यसभा सांसद संजय कुमार झा जैसे हमारे वरिष्ठ नेताओं ने रामनाथ कोविंद कमेटी के सामने अपना मत रखा था। यह स्वागतयोग्य कदम है। जो लोग इसकी आलोचना कर रहे हैं, उन्हें याद रखना चाहिए कि हमने 1967 तक एक देश एक चुनाव का पालन किया था। क्या बोली एलजेपी (आर) केंद्रीय मंत्री चिराग पासवान ने इसे ऐतिहासिक कदम करार दिया है। उन्होंने लिखा, एक देश एक चुनाव के प्रस्ताव को मंजूरी देकर केंद्रीय कैबिनेट ने आज देशहित में एक बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है। एक देश, एक चुनाव देश की लोकतांत्रिक प्रक्रिया को और सशक्त बनाएगा, चुनावी खर्च कम करेगा और विकास कार्यों में तेजी लाएगा। उन्होंने आगे लिखा, साथ ही, चुनावों में पारदर्शिता बढ़ेगी और सरकारी कोष पर पड़ने वाला आर्थिक बोझ कम होगा। चुनावों में सुरक्षा की दृष्टिकोण से पारा मिलिट्री फोर्स, पुलिस और प्रशासनिक अधिकारियों की भूमिका को भी सरल बनाएगा। एक देश, एक चुनाव के प्रस्ताव का समर्थन मेरे नेता, मेरे पिता श्रद्धेय रामविलास पासवान जी ने भी किया था और मैं, मेरी पार्टी लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) वन नेशन वन इलेक्नशन के प्रस्ताव का समर्थन करती है। हम की राय केंद्रीय मंत्री जीतन राम मांझी ने लिखा, हर वर्ष किसी न किसी राज्य में चुनाव होते रहते हैं। चुनावों की इस निरंतरता के कारण देश हमेशा चुनावी मोड में रहता है।इससे न केवल प्रशासनिक और नीतिगत निर्णय प्रभावित होते हैं बल्कि देश के खजाने पर भारी बोझ भी पड़ता है।



विनेश फोगाट का आरोप

# पीएम मोदी के दिल में खिलाड़ियों के लिए सच्चा प्यार नहीं है



**नईदिल्ली, एजेंसी।** विनेश फोगाट पेरिस ओलंपिक में इतिहास रचने के बावजूद पदक जीतने से चूक गईं। वह फाइनल में स्वर्ण पदक की दावेदार मानी जा रहीं थीं, लेकिन प्रतिस्पर्धा वाले दिन उनका वजन 100 ग्राम ज्यादा निकला और वह डिस्क्वालिफाई हो गईं। उनके डिस्क्वालिफाई होने पर देश भर के खेल प्रेमियों ने निराशा जाहिर की। राजनेताओं ने ओलंपिक आयोजन समिति के फैसले पर अपना विरोध जताया।

हालांकि, नतीजा सिफर रहा और विनेश पेरिस से खाली हाथ भारत लौटीं। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने उन्हें चैंपियन ऑफ चैंपियन कहा, लेकिन विनेश फोगाट को लगता है कि ऐसा सिर्फ उन्होंने जनता की सहानुभूति लेने के लिए किया। विनेश फोगाट का आरोप है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दिल में खिलाड़ियों के प्रति सच्चा प्यार नहीं है। वह सिर्फ अपनी ताकत दिखाने के लिए ऐसा करते हैं। इंटरव्यू में विनेश ने इस मुद्दे पर खुलकर बात की।

● **सवाल:** आपने जंतर-मंतर पर अपने विरोध प्रदर्शन के दौरान प्रधानमंत्री की चुप्पी के बारे में बात की है

●विनेश फोगाटः यह बहुत निराशाजनक था। वह एथलीट्स से मिलते रहते हैं और कई अलग-अलग काम करते रहते हैं। अगर वह खेलों के बारे में वाकई सोचते हैं और खिलाड़ियों के लिए उनका सच्चा प्यार है, तो मुझे नहीं लगता कि इतनी बड़ी घटना (विरोध प्रदर्शन) के बाद वह खुद को रोक पाते. जब उन्हें सब कुछ पता होता है, तब भी कुछ नहीं कहनाज यह खिलाड़ियों के लिए सच्चा प्यार नहीं है, वह सिर्फ अपनी ताकत दिखाना चाहते हैं।

● सवालः आपके पदक से चूकने के बाद प्रधानमंत्री ने ट्वीट किया था कि 'आप चैंपियनों में चैंपियन हैं'

●विनेश फोगाटः उन्होंने कब ट्वीट किया? मेरे फाइनल में पहुंचने के एक पूरे दिन बाद तक कोई ट्वीट नहीं किया। इससे पहले उन्होंने तुरंत सभी एथलीट्स को फोन किया था। वजन मापने का मुद्दा अगले दिन हुआ। फाइनल में पहुंचने के बाद मुझे प्रधानमंत्री का फोन क्यों नहीं आया? कारण स्पष्ट है।

● सवालः खबर है कि हरियाणा सरकार आपको ओलंपिक रजत पदक विजेता जितना इनाम देने को तैयार है.

●विनेश फोगाटः पूरा देश उम्मीद कर रहा था कि मैं स्वर्ण पदक जीतूंगी। अगर सरकार कहती कि हम स्वर्ण पदक विजेता जितना इनाम देंगे तो लगता कि वादा दिल से किया गया है, लेकिन इसमें राजनीति ज्यादा थी कि हम आपको रजत पदक विजेता जितना इनाम देंगे और आपको सम्मानित करेंगे।

देशवासियों के दिल में मेरे प्रति भावनाएं थीं, मैं किसी को भावनाओं के साथ राजनीति नहीं करने दूंगी। पहले सुना कि कोई कार्यक्रम (सम्मान) होगा। मैंने चेक लौटा दिया। फिर उन्होंने कहा कि खाते में आ जाएगा, लेकिन कुछ नहीं आया। यह सिर्फ बातें थीं क्योंकि चुनाव नजदीक थे। मुझे ओलंपिक खेलने के लिए सिर्फ 15 लाख रुपये मिले।

● सवालः क्या आपको लगता है कि अंतरराष्ट्रीय कुश्ती संस्था को दूसरे दिन कम से कम 1 चल वजन घटाने की छूट देनी चाहिए?

●विनेश फोगाटः बिल्कुल। मुझे लगता है कि फाइनल में पहुंचने वालों का वजन दोबारा जांचने की भी जरूरत नहीं है। या उन्हें दूसरे दिन वजन मापने में थोड़ी देरी करनी चाहिए ताकि उन्हें अधिक समय मिल सके। इसमें छूट होनी चाहिए, खासकर महिलाओं के लिए क्योंकि उनकी शारीरिक संरचना पुरुषों से अलग होती है।

जब आप अपनी फिटनेस के चरम पर होती हैं तो महिलाएं एक दिन में 3 किलो से अधिक वजन नहीं घटा सकती हैं क्योंकि आपका वसा प्रतिशत पहले से ही बहुत कम होता है। पुरुष पहलवान ऐसा कर सकते हैं लेकिन हम ऐसा नहीं कर सकते क्योंकि हमारे शरीर में पानी जमा रहता है। सभी महिला एथलीट्स दूसरे दिन वजन घटाने को लेकर चिंतित रहती हैं। खेल गांव में अलग-अलग खेलों से कम से कम 50 ऐसे एथलीट थे, जिन्होंने मुझे गले लगाया और कहा कि यह गलत है।

# 38 साल के अश्विन का चेन्नई में गरजा बल्ला ठोका टेस्ट क्रिकेट का छठा शतक

**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में चेन्नई में जहां भारत के दिग्गज खिलाड़ियों जैसे कि रोहित शर्मा, शुभमन गिल, विराट कोहली, केएल राहुल ने निराश किया तो वहीं यशस्वी जायसवाल ने 56 रन की पारी खेली। लंबे समय बाद टेस्ट में वापसी करने वाले ऋषभ पंत ने भी अच्छा प्रयास किया और टीम के लिए 39 रन बनाए, लेकिन पहली पारी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करने आए रवि अश्विन ने कमाल कर दिया और बेहतरीन बल्लेबाजी करते हुए टेस्ट करियर का छठा शतक लगा दिया।

### बांग्लादेश के खिलाफ अश्विन का टेस्ट में पहला शतक

आर अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में बांग्लादेश के खिलाफ पहली बार शतकीय पारी खेली तो वहीं भारतीय धरती पर टेस्ट क्रिकेट में ये उनका चौथा शतक भी रहा। अश्विन ने इस शतक से पहले टेस्ट क्रिकेट में एक शतक इंग्लैंड के खिलाफ तो वहीं 4 शतक वेस्टइंडीज के खिलाफ लगाए थे।
इस मैच में भारत के 6 विकेट 144 रन के स्कोर पर गिर गए थे और उसके बाद अश्विन ने रविंद्र जडेजा के साथ मिलकर सातवें विकेट के लिए कमाल की साझेदारी की और भारत को मजबूत स्कोर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाई।



### अश्विन ने खेली तेज पारी, लगाया शतक

आर अश्विन ने इस मैच में 58 गेंदों पर अपना अर्धशतक पूरा किया था और फिर उन्होंने अपना शतक 108 गेंदों पर पूरा किया। इस शतकीय पारी के दौरान उन्होंने 2 छक्के और 10 चौके लगाए।

टेस्ट क्रिकेट में चेन्नई में ये उनके टेस्ट करियर का दूसरा शतक रहा। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए चौथी बार शतकीय पारी खेलने का कमाल किया। अश्विन ने टेस्ट क्रिकेट में पहली पारी में 8वें नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए पहली बार शतक लगाने का भी कमाल किया। इस शतकीय पारी के साथ अश्विन ने अपने टेस्ट क्रिकेट करियर के 101वें मैच को यादगार बना दिया। भारत ने पहले दिन का खेल खत्म होने पर 6 विकेट पर 339 रन बनाये। अश्विन नाबाद 102 जडेजा 86 नाबाद रहे।

## 634 दिन बार टेस्ट में वापसी कर ऋषभ पंत ने टेस्ट में हासिल किया खास मुकाम



**चैन्नई, एजेंसी।** बांग्लादेश के खिलाफ चेन्नई टेस्ट मैच के जरिए ऋषभ पंत ने क्रिकेट के सबसे लंबे प्रारूप में 634 दिन के बाद वापसी की। टेस्ट में वापसी से पहले पंत ने दलीप ट्रॉफी 2024 में भी अपना हाथ आजमाया था और अच्छा प्रदर्शन किया था। पंत को पहले टेस्ट मैच में भारत की प्लेइंग इलेवन में मौका दिया गया और उन्होंने पहली पारी में कठिन परिस्थिति में भारत के लिए संघर्षपूर्ण पारी खेली। हालांकि पंत अपनी इस पारी को बड़े स्कोर में तब्दील नहीं कर पाए, लेकिन प्रभावी साबित हुए। अपनी इस पारी के जरिए पंत ने बतौर भारतीय विकेटकीपर 4000 रन पूरे किए और एमएस धोनी के बाद ऐसा करने वाले दूसरे भारतीय विकेटकीपर बने।

ऋषभ पंत ने बांग्लादेश के खिलाफ पहले टेस्ट मैच की पहली पारी में 52 गेंदों पर 6 चौकों की मदद से 39 रन की पारी खेली और बतौर विकेटकीपर उन्होंने इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे कर लिए। भारत की तरफ से इंटरनेशनल क्रिकेट में 4000 रन पूरे करने वाले पंत दूसरे विकेटकीपर बन गए। पंत का बतौर विकेटकीपर इंटरनेशनल क्रिकेट में अब टोटल स्कोर 4014 रन हो गया। भारत की तरफ से टेस्ट क्रिकेट में 4000 या उससे ज्यादा रन बनाने वाले पहले बल्लेबाज एमएस धोनी थे।

## मोहन बागान ने ड्रॉ के साथ की एफसी चैंपियंस लीग 2 की शुरुआत, रावशन कुलोब से था मैच

**नईदिल्ली, एजेंसी।** भारत के कोलकाता का फुटबॉल क्लब मोहन बागान के लिए एफसी चैंपियंस लीग 2 की शुरुआत कुछ खास नहीं रही. भारतीय फुटबॉल क्लब को पहला मुकाबला ड्रॉ पर समाप्त करना पड़ा. मुकाबले में मोहन बागान के सामने तजाकिस्तान के रावशन कुलोब की चुनौती थी. दोनों के बीच यह मुकाबला बुधवार (18 सितंबर) को खेला गया.

### दोनों टीमों ने गंवाए मौके

मुकाबले में मोहन बागान की तरफ से कई मौके मिस किए गए. पहला मौका 19वें मिनट पर मिला. हालांकि इस मौके को भुनाया नहीं जा सका. फिर 27वें मिनट पर रावशन कुलोब को लगभग गोल करने का मौका मिल ही गया था, लेकिन बागान के गोलकीपर विशाल कैथ ने उसे सेव कर लिया. इसके अलावा भी रावशन कुलोब की तरफ से कुछ अटैक किए गए, लेकिन मोहन बागान के सामने वो विफल रहे.

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, मोहन बागान और रावशन कुलोब के बीच खेले गए मुकाबले को देखने के लिए करीब 18 हजार लोग पहुंचे थे.



### ग्रुप ए में मौजूद है मोहन बागान

बता दें कि मोहन बागान एफसी चैंपियंस लीग 2 के ग्रुप ए में मौजूद है. 4 टीमों वाले ग्रुप में मोहन बागान पहले ड्रॉ के साथ तीसरे पायदान पर है, जबकि तजाकिस्तान की रावशन कुलोब दूसरे नंबर पर है. वहीं 1 में 1 जीत के साथ ईरान का ट्रैक्टर एस सी क्लब पहले नंबर पर है. एक जीत के साथ ट्रैक्टर एस सी के पास 3 प्वाइंट्स मौजूद हैं. वहीं मोहन बागान और रावशन कुलोब के पास ड्रॉ के बाद 1-1 प्वाइंट मौजूद है. ग्रुप में कतर का अल-वकरा क्लब एससी बिना किसी जीत के सबसे नीचे यानी चौथे पायदान पर है.

### ईरान के ट्रैक्टर एस सी से होगी अगली भिड़ंत

गौरतलब है कि पहला मैच ड्रॉ पर खत्म करने वाले मोहन बागान की अगली भिड़ंत ईरान के ट्रैक्टर एस सी से होगी. दोनों के बीच यह मुकाबला 02 अक्टूबर, बुधवार को खेला जाएगा. टूर्नामेंट में आगे बढ़ने के लिए मोहन बागान के लिए यह मैच जीतना बहुत जरूर होगा.

शतरंज ओलंपियाड

## गुकेश की जीत से भारत ने चीन को हराया

**बुडापेस्ट (हंगरी), एजेंसी।** विश्व शतरंज चैंपियनशिप फाइनल चैलेंजर डोमराजू गुकेश ने समय के दबाव में शानदार प्रदर्शन किया और बुधवार को यहां 45वें शतरंज ओलंपियाड के ओपन सेक्शन के सातवें दौर में भारत ने तीसरी वरीयता प्राप्त चीन को हराकर एकमात्र जीत दर्ज की। भारत ने महिला वर्ग में भी अपनी जीत का सिलसिला जारी रखा, जिसमें वैशाली रमेशबाबू और वंतिका अग्रवाल ने काले मोहरों से जीत हासिल कर टीम को जॉर्जिया की मजबूत टीम को 3-1 से हराने में मदद की।



जॉर्जिया 2008 में शतरंज ओलंपियाड का पूर्व विजेता है। भारतीय पुरुष और महिला दोनों टीमों ने अपना अजेय क्रम बरकरार रखा, जिससे उनके अंकों की संख्या 14 हो गई और वे सात राउंड के बाद स्टैंडिंग में एकमात्र लीडर बने रहे। ओपन सेक्शन में, उज्बेकिस्तान, ईरान और हंगरी ने अपने-अपने मैच जीतकर फिर से प्रतिस्पर्धा में वापसी की।

ईरान ने वियतनाम को हराया, जिसने पिछले राउंड में चीन को 2.5-1.5 से हराया था, हंगरी ने लिथुआनिया को इसी अंतर से हराया जबकि उज्बेकिस्तान ने यूक्रेन को 3-1 से हराया। हालांकि, एक दिन के आराम के बाद जब खेल फिर से शुरू हुआ, तो सभी की निगाहें भारत और चीन के बीच होने वाले मुकाबले पर टिकी थीं। सिंगापुर में होने वाले मेगा मुकाबले से पहले विश्व चैंपियनशिप के फाइनल के दावेदार डिंग लिरेन और गुकेश के बीच मुकाबला देखने की प्रशंसकों की उम्मीदें पूरी नहीं हुईं।

## आंद्रे रसेल ने सबसे ज्यादा मारे छक्के, सीपीएल 2024 में 240 की स्ट्राइक रेट से सिर्फ 15 गेंदों में जिताया...



**गयाना, एजेंसी।** आंद्रे रसेल का नाम भी सुना होगा और उनके काम के बारे में भी जानते होंगे. बिल्कुल वैसा ही वो सीपीएल 2024 में 18 सितंबर को खेले मुकाबले में करते दिखे हैं. त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की ओर से खेलते हुए रसेल ने सिर्फ 15 गेंदों पर मैच जिताने वाली पारी खेली. गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए रसेल आखिर तक नाबाद रहे. 240 की स्ट्राइक रेट से खेली अपनी इनिंग के बाद वो ना सिर्फ अपनी टीम की ओर से सबसे ज्यादा छक्के लगाने वाले बल्लेबाज रहे बल्कि सबसे ज्यादा रन भी उन्होंने ही बनाए.

गयाना अमेजन वॉरियर्स से मिले 149 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए त्रिनिदाद नाइट राइडर्स की शुरुआत उतनी अच्छी नहीं रही. उसके टॉप के 5 विकेट सिर्फ 89 रन पर गिर गए. लेकिन, उसके बाद बल्लेबाजी करने उतरे आंद्रे रसेल ने अपने साथी खिलाड़ी टिम डेविड के साथ मिलकर मैच को पलटने वाली इनिंग खेली.

## चीन को हराने के अगले ही दिन हैक हुआ हॉकी इंडिया का अकाउंट




**नईदिल्ली, एजेंसी।** हॉकी के एशियन चैंपियंस ट्रॉफी टूर्नामेंट की मेजबानी इस बार चीन के हाथों में थी. 17 सितंबर को हुए फाइनल में भारतीय हॉकी टीम ने चीन को 1-0 से मात देकर पांचवीं बार खिताब अपने नाम किया था.

इसके अगले ही दिन यानि बुधवार 18 सितंबर की देर रात हॉकी इंडिया 'एक्स' (पहले ट्विटर) का अकाउंट हैक हो गया. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स'पर भारत के हॉकी टीम की जानकारी 'हॉकी इंडिया' के जरिए ही दी जाती हैं. हैकर्स ने रात के करीब 11.30 बजे इस अकाउंट पर क्रिप्टोकरेंसी से जुड़ा एक पोस्ट किया. हालांकि, फिलहाल इसे रिकवर कर लिया गया है और पोस्ट को भी हटा दिया गया है. हॉकी इंडिया के एक्स अकाउंट के जरिए हैकर्स ने क्रिप्टकरेंसी की एक लिंक दी और इसके जरिए प्रोफिट कमाने की कोशिश की. पोस्ट में हैकर्स ने लिखा कि 'यह अकाउंट हो चुका है.

हम जिस भी अकाउंट को हैक करते हैं, उस पर एक टोकन एड्रेस पब्लिश करते हैं और साथ में प्रोफिट कमाते हैं.' भारतीय फैंस ने इस पोस्ट को तुरंत संज्ञान में लिया और जानकारी फैलानी शुरू कर दी. टीम इंडिया चीन में एशियन चैंपियंस ट्रॉफी के खिताब को अपने नाम करने के बाद से भारत लौट चुकी है.

19 सितंबर की सुबह टीम ने दिल्ली के इंदिरा गांधी इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर लैंड किया. भारत ने पांचवीं बार ये खिताब अपने नाम किया है. फाइनल में चीन ने भारत को कड़ी टक्कर दी थी. भारतीय टीम को फॉर्म को देखते हुए फैंस को उम्मीद थी कि आसानी से जीत मिल जाएगी.

अफगानिस्तान ने रचा इतिहास

# साउथ अफ्रीका को पहला वनडे 6 विकेट से हराया

**शारजाह, एजेंसी।** अफगानिस्तान ने इतिहास रचते हुए साउथ अफ्रीका को किसी भी फॉर्मेट में पहली बार हरा दिया है। बुधवार को शारजाह के मैदान पर पहले वनडे में टीम ने साउथ अफ्रीका को 106 रन पर ऑलआउट किया। फिर 26 ओवर में 4 विकेट खोकर टारगेट हासिल भी कर लिया।

अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 4, अल्लाह घजनफर ने 3 और राशिद खान ने 2 विकेट लिए। बैटिंग में गुलबदीन नईब ने 34 और अजमतुल्लाह ओमरजई ने 25 रन बनाकर टीम को आसानी से जीत दिला दी। इसी के साथ अफगानिस्तान से 3 वनडे की सीरीज में 1-0 की बढ़त बना ली। अफगानिस्तान की ऐतिहासिक जीत



अफगानिस्तान ने साउथ अफ्रीका को तीनों फॉर्मेट में पहली बार ही हराया। इससे पहले दोनों टीमों के बीच 3 टी-20 और 2 वनडे खेले गए थे। सभी में साउथ अफ्रीका को जीत मिली थी।

अफगानिस्तान ने अब इतिहास पलटा और साउथ अफ्रीका को हरा दिया।

टी-20 वर्ल्ड कप की हार का हिसाब बराबर किया दोनों टीमें आखिरी बार इसी साल 26 जून को टी-20 वर्ल्ड कप के सेमीफाइनल में आमने-सामने हुई थीं। तब साउथ अफ्रीका ने अफगानिस्तान को 56 रन पर ऑलआउट कर दिया था। साउथ अफ्रीका ने फिर 9 ही ओवर में मुकाबला जीत लिया था। अफगानिस्तान ने अब हिसाब बराबर किया और साउथ अफ्रीका को वनडे में 106 रन पर ऑलआउट कर दिया। फिर 26 ही ओवर में मैच भी जीत लिया।

वायन मुल्डर ने लगाई फिफ्टी टॉस जीतकर पहले बैटिंग करते हुए साउथ अफ्रीका की शुरुआत बेहद खराब रही। टीम ने 36 रन के स्कोर पर ही 7 विकेट गंवा दिए। टोनी डी जॉर्जी 11, काइल वेरियन 10 और रीजा हेंड्रिक्स 9 ही रन बना सके। 3 बैटर खाता भी नहीं खोल सके, जबकि कप्तान ऐडन मार्करम 2 ही रन बना पाए। वायन मुल्डर ने फिर फिफ्टी लगाई और टीम को 100 रन के पार पहुंचाया।

उनके साथ बोर्न फोर्च्यून ने 16 रन बनाए। नांद्रे बर्गर ने एक रन बनाया, जबकि लुंगी एनगिडी खाता भी नहीं खोल सके। टीम 33.3 ओवर में 106 रन ही बना सकी। फजलहक फारूकी पावरप्ले में ही 3 विकेट झटक लिए थे। फारूकी को 4 विकेट अफगानिस्तान से तेज गेंदबाज फजलहक फारूकी ने 35 रन देकर 4 विकेट लिए। ऑफ स्पिनर अल्लाह घजनफर ने महज 20 रन देकर 3 विकेट झटक लिए। जबकि राशिद खान ने 30 रन देकर 2 विकेट लिए। एक बैटर रनआउट भी हुआ।

अफगानिस्तान की भी खराब शुरुआत 107 रन के टारगेट का पीछा करते हुए अफगानिस्तान ने 35 रन पर 3 विकेट गंवा दिए। रियाज हसन 16 और रहमत शाह 8 ही रन बना सके, रहमानुल्लाह गुरबाज तो खाता भी नहीं खोल पाए। टीम का स्कोर 50 रन के पार ही पहुंचा था कि कप्तान हशमतुल्लाह शहीदी भी 16 रन बनाकर आउट हो गए।

# कलेक्टर की अध्यक्षता में हुई जिला टास्क फोर्स समिति की बैठक

## वन विभाग से संबंधित लंबित प्रकरणों के निराकरण के संबंध में हुई चर्चा

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को कलेक्टर कार्यालय के सभागार में वन विभाग की जिला स्तरीय टॉस्क फोर्स समिति की बैठक हुई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक सांई कृष्ण एस थोटा सहित वनमंडल अधिकारी पुनीत सोनकर, उप संचालक पन्ना टाइगर रिजर्व मोहित सूद, जिला पंचायत सीईओ संघ प्रिय, एसडीएम संजय नागवंशी एवं अन्य विभागों के संबंधित अधिकारीगण भी उपस्थित रहे।




समिति की बैठक में अवैध शिकार एवं वन अपराध, अतिक्रमण की रोकथाम, विशेष क्षेत्रों में अवैध उत्खन्न पर रोक की कार्यवाही, वन व्यवस्थापन एवं वन राजस्व सीमा विवाद के प्रकरणों, वन अधिकार पत्रों के निराकरण इत्यादि विषयों पर चर्चा की गई। साथ ही विभिन्न विभागों के निर्माण कार्यों के दौरान वन विभाग से संबंधित अवरोध एवं समस्याओं के निराकरण के लिए समन्वय के साथ कार्य कर उचित कार्यवाही का निर्णय लिया गया।

कलेक्टर श्री कुमार ने विभागवार प्रकरणों के त्वरित निराकरण के लिए निर्देशित करते हुए कहा कि वन भूमि पर अतिक्रमण की रोकथाम के लिए ग्रामवार स्थल चिन्हांकन कर प्रभावी कार्यवाही की जाए। वन्य जीव संरक्षण अधिनियम के तहत भी आवश्यक कार्यवाही के लिए वन विभाग के अधिकारियों के साथ परामर्श किया गया। इसी तरह प्रस्तावित आरक्षित वन भूमि पर नियम अनुसार पुराने कब्जे हटाने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने 13 दिसम्बर 2005 के पूर्व से वन भूमि पर काबिज अथवा खेती करने वाले जनजातीय समुदाय के लोगों को अधिकार पत्र प्रदान करने तथा वन क्षेत्र में अवैध खदान पर प्रतिबंध की बात कही। उन्होंने कहा कि अभिलेख दुरूस्तीकरण के लिए वन और राजस्व विभाग द्वारा आवश्यक कार्यवाही की जाए। साथ ही वन भूमि में लंबी अवधि से निवासरत लोगों के विरूद्ध कार्यवाही के पूर्व धैर्यपूर्वक समझाईश देने के साथ ही संबंधित विभाग के अधिकारी के माध्यम से नियम अनुसार कार्यवाही के संबंध में जानकारी प्राप्त करने की सलाह भी दी जाए।

उन्होंने कहा कि अवैध उत्खनन पर रोक के उद्देश्य से बीटवार ग्राम की सूची से अवगत कराया जाए। इस संबंध में जिला खनिज अधिकारी को स्वीकृत खदान की लीज के संबंध में आवश्यक जानकारी प्रस्तुत करने के निर्देश भी दिए गए। उन्होंने कहा कि उत्खनन वाले क्षेत्रों में अधिकारियों द्वारा मौका मुआयना कर अवैध संचालित खदानों को बंद कराने की कार्यवाही की जाए। इसके साथ ही लंबित संरक्षित वन खण्ड वितरण के कार्य में भी गति लाएं। इस दौरान महत्वपूर्ण सड़क के निर्माण कार्य संबंधी अवरोध को दूर कराने तथा पुखरा व जनवार ग्राम में निवासरत लोगों को सरकारी योजनाओं का लाभ सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए। जिला कलेक्टर ने वन अधिकारियों को सामाजिक पहलू के दृष्टिगत पुराने कब्जेधारियों को हटाने के पहले समझाईश देने व संयुक्त पंचनामा पर सर्वे नंबर दर्ज करने के साथ ही सरलीकृत भाषा में जानकारी इन्द्राज करने के लिए निर्देशित किया। साथ ही वन भूमि पर वन अधिकार पत्रों के प्रकरणों में पुन: सुनवाई उपरांत निराकरण पर भी चर्चा की गई। इसके अलावा गिरफ्तारी व वारंट तामीली तथा ग्राम पंचायत द्वारा संचालित 40 गौशालाओं में मवेशियों के व्यवस्थापन व अन्य विभागों के लंबित एनओसी संबंधी प्रकरण भी बैठक में रखे गए। कलेक्टर ने अधिकारियों को जनहित में अपने अधिकारों का उपयोग करने की नसीहत देते हुए समय सीमा में वन-राजस्व लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान गुलगंज-अमानगंज-पवई-कटनी मार्ग में केन रिवर फ्रंट के निर्माण तथा पन्ना टाइगर रिजर्व अंतर्गत पन्ना, अजयगढ़ व गुनौर तहसील में ईको सेंसिटिव जोन के प्रस्तावित कार्यों के लिए अविलंब आवश्यक कार्यवाही के संबंध में निर्देशित किया गया।

# अब कलेक्ट्रेट में संचालित होगा ई-दक्ष केन्द्र

**पन्ना।** जिला मुख्यालय पर धरमसागर तालाब के पास यादवेन्द्र क्लब परिसर में पूर्व से संचालित ई-दक्ष केन्द्र अब कलेक्ट्रेट में स्थानांतरित किया गया है। नवीन संयुक्त कलेक्ट्रेट कार्यालय के कक्ष क्रमांक 37 से अब ई-दक्ष केन्द्र का संचालन किया जाएगा। केन्द्र में मध्यप्रदेश शासन के समस्त अधिकारी-कर्मचारियों को ई-गवर्नेंस व सूचना प्रौद्योगिकी संबंधी आवश्यक दक्षताओं के संवर्धन के लिए प्रशिक्षण प्रदान किया जाता है। ई-दक्ष केन्द्र में विभिन्न विभागों के नियमित तथा कुछ सशुल्क प्रशिक्षण भी संचालित किए जाते हैं।

शासकीय विभागों के अधिकारी-कर्मचारीगण प्रशिक्षण में शामिल हो सकते हैं। इसके अलावा विभाग अथवा कार्यालय की आवश्यकतानुसार प्रशिक्षण के लिए ई-दक्ष केन्द्र को निर्धारित राशि भुगतान कर आरक्षित भी कराया जा सकता है। वर्तमान में विभिन्न अवधि के 17 प्रशिक्षण कार्यक्रम का संचालन किया जा रहा है। इस संबंध में जिले के समस्त कार्यालय प्रमुखों से प्रशिक्षण के संबंध में अधिकारी-कर्मचारियों की जानकारी भी चाही गई है। अधिक जानकारी के लिए ई-गवर्नेंस कार्यालय पन्ना में संपर्क कर सकते हैं।

## खाद्य कारोबार कर्ताओं को दिया जाएगा प्रशिक्षण

**पन्ना।** भारतीय खाद्य सुरक्षा एवं मानक प्राधिकरण के निर्देशानुसार खाद्य कारोबारकर्ताओं को खाद्य सुरक्षा संबंधी जानकारी के लिए जरूरी प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। ग्लोबल इंस्टीट्यूट फॉर एजुकेशन एंड रिसर्च फाउंडेशन द्वारा पन्ना में 20 सितम्बर को तथा पवई में 21 सितम्बर को सुबह 10 बजे से प्रशिक्षण का आयोजन किया गया है।

खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजेश कुमार राय ने बताया कि पन्ना में नर्सिंग ट्रेनिंग सेंटर, जिला चिकित्सालय के सामने तथा पवई में संदीपनी पैलेस में प्रशिक्षण होगा। समस्त खाद्य कारोबारकर्ताओं को प्रशिक्षण स्थल पर पहुंचकर रजिस्ट्रेशन कराने व प्रशिक्षण प्राप्त करने के संबंध में सूचित किया गया है। एजेंसी द्वारा प्रशिक्षण शुल्क राशि 600 रूपए ली जाएगी।

# किशोर न्याय बोर्ड परिसर में लगाया विधिक साक्षरता शिविर

**पन्ना।** जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव हरप्रसाद बंशकार की अध्यक्षता में आज किशोर न्याय बोर्ड परिसर पन्ना में विधिक साक्षरता शिविर लगाया गया। जिला न्यायाधीश द्वारा शिविर में उपस्थित बच्चों को उनके अधिकारों की जानकारी प्रदान कर भविष्य में पुन: अपराध न करने की हिदायत दी गई। साथ ही शिक्षा का अधिकार और अपराध से होने वाले मानसिक, आर्थिक व सामाजिक दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान कर बालकों को आपराधिक मनोवृत्ति का त्याग करने के लिए प्रेरित किया गया।




शिविर में प्रधान मजिस्ट्रेट किशोर न्याय बोर्ड प्रीतम शाह ने उपस्थित बालकों और उनके अभिभावकों को किशोर न्याय अधिनियम के महत्वपूर्ण प्रावधान तथा बोर्ड की भूमिका व प्रक्रिया के बारे में अवगत कराया। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते ने नि:शुल्क विधिक सहायता एवं प्रकरणों में पैरवी के लिए नि:शुल्क अधिवक्ता प्राप्त करने संबंधी अधिकार के बारे में जानकारी दी। साथ ही नालसा व सालसा द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में भी बताया।

# प्रधानमंत्री जनऔषधि केन्द्र में कम कीमत पर मिलेंगी गुणवत्तायुक्त दवाईयां

**पन्ना।** जिला चिकित्सालय परिसर पन्ना में गत दिवस रेडक्रॉस सोसायटी द्वारा संचालित प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र का लोकार्पण किया गया। जिला पंचायत अध्यक्ष मीना राजे ने फीता काटकर केन्द्र का शुभारंभ किया। इस अवसर पर नपाध्यक्ष मीना पाण्डेय सहित कलेक्टर सुरेश कुमार, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.के. त्रिपाठी, सिविल सर्जन सह मुख्य अस्पताल अधीक्षक डॉ. आलोक कुमार गुप्ता, बृजेन्द्र मिश्रा, प्रदेश प्रतिनिधि रेडक्रॉस सोसायटी रामऔतार बब्लू पाठक, राजकुमार वर्मा, रेडक्रॉस सचिव डॉ. नीरज जैन एवं अन्य अधिकारी-कर्मचारी भी उपस्थित रहे।



प्रधानमंत्री जन औषधि केन्द्र में सस्ती एवं उच्च गुणवत्ता की दवाईयां लगभग 50 से 90 प्रतिशत तक सस्ती मिलेंगी। केन्द्र पर लगभग 2 हजार से अधिक दवाईयां एवं 300 से अधिक सर्जिकल उपकरण का रखरखाव होगा।

# कलेक्टर के निर्देश पर संयुक्त दल द्वारा किया गया फसलों का निरीक्षण

**पन्ना।** कलेक्टर सुरेश कुमार द्वारा गत दिवस खरीफ मौसम 2024 में बोई गई फसलों में कीट व्याधि व अतिवृष्टि के कारण क्षति की संभावना के दृष्टिगत जिला स्तरीय निगरानी दल का गठन किया गया था। जिला कलेक्टर के निर्देश पर आज संयुक्त कलेक्टर कुशल सिंह गौतम के नेतृत्व में उप संचालक कृषि ए.पी. सुमन और वरिष्ठ वैज्ञानिक पी.एन. त्रिपाठी ने खेतों में पहुंचकर खरीफ फसल की स्थिति का जायजा लिया। दल द्वारा ग्राम इटवांखास एवं सारंगपुर में मूंगफली, उड़द, तिल व धान के खेतों का भ्रमण कर कीट व्याधि नियंत्रण के संबंध में किसानों को आवश्यक सुझाव भी प्रदान किया गया। दल ने अतिवृष्टि से प्रभावित फसल का निरीक्षण कर कृषि में नवीन तकनीक के माध्यम से उत्पादन बढ़ाने के संबंध में जानकारी भी दी। दल द्वारा विकासखण्डवार निरंतर भ्रमण किया जाएगा।



# नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा की जाएंगी आयोजित

## जिले में बनाए गए 1210 परीक्षा केन्द्र

**शहडोल।** जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी श्रीमती सावित्री सोनी ने जानकारी दी है कि उल्लास नवभारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत शहडोल जिले के 1210 परीक्षा केन्द्रो में नवसाक्षरों की मूलभूत साक्षरता एवं संख्यात्मकता परीक्षा सम्पन्न कराई जायगी । जिले के पांच विकासखण्डों के शासकीय प्राथ0 / माध्य0 शालाओं में बनाये गये परीक्षा केन्द्र में 29500 नवसाक्षर परीक्षा शामिल होंगे।



उन्होनें बताया कि राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के प्रावधानों के तहत राष्ट्रीय साक्षरता मिशन प्राधिकरण स्कूल शिक्षा एवं साक्षरता विभाग शिक्षा मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा वर्ष 2022-27 तक की अवधि के लिए 15 वर्ष से अधिक आयु वर्ग के असाक्षरों को साक्षर करने हेतु उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम संचालित किया जा रहा है। वर्ष 2011 की जनगणना के अनुसार शहडोल जिले में पूर्व एवं वर्तमान में संचालित साक्षरता योजनाओं में उत्तीर्ण नवसाक्षरों को घटाकर शेष 137360 असाक्षरों का सर्वे किया जाकर वर्ष 2027 तक पूर्ण साक्षर किये जाने का लक्ष्य रखा गया है। वर्तमान में पंजीयन की प्रक्रिया सतत चल रही है। वर्तमान में उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम के तहत 22 सितम्बर 2024 को होने वाली आगामी मूल्याकंन परीक्षा में 29500 नवसाक्षरों को शामिल कराने का लक्ष्य रखा गया है। उक्त परीक्षा की मानीटरिंग हेतु पांचों विकासखण्डों में जिला अधिकरियों की डियूटी लगाई गई है। साथ ही डाईट के ब्लाक प्रभारियों, बीआरसीसी, बीएसी, जनशिक्षको एवं सह समन्वयकों की डियूटी मानीटरिंग हेतु लगाई गई है। परीक्षा में ऐसे नवाक्षर शामिल होगे जो 15 वर्ष से अधिक के हो। जिनके पास साक्षर का कोई वैध प्रमाण पत्र न हो। इन्हे सामाजिक चेता केन्द्रों में अक्षर साथियों के माध्यम से पढ़ाया गया हो। साथ ही ऐसे नवसाक्षर जो पूर्व की साक्षरता परीक्षा में सी ग्रेड में हो उन्हे भी परीक्षा में शामिल कराया गया है। यह परीक्षा वर्ष में दो बार (मार्च/सितम्बर)) आयोजित होती है। विकासखण्ड सोहागपुर द्वारा जिला जेल में 42 बंदियों को अक्षर साथी कल्पना मिश्रा द्वारा पढ़ाकर परीक्षा में शामिल कराया जायेगा।

# सफाई मित्र राकेश 24 वर्षों से नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में निभा रहे भूमिका

**शहडोल।** सफाई मित्र सुबह से लेकर रात तक सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करते हैं। वे कूड़ा-कचरा उठाने, उसे सही तरीके से निपटाने और स्वच्छता बनाए रखने के लिए कार्य करते हैं, नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में सफाई मित्रों का योगदान अत्यंत महत्वपूर्ण है। वे समाज के ऐसे सदस्य हैं जो हमारे शहरों को स्वच्छ, सुरक्षित और स्वस्थ बनाए रखने में अहम भूमिका निभाते हैं। इसी कड़ी में नगर को स्वच्छ एवं सुंदर बनाने में शहडोल नगर के वार्ड नं 17 निवासी सफाई मित्र श्री राकेश बिरहा लगभग 24 वर्षों से अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रहें है। उन्होंने बताया कि नगर के लोगों को रोग मुक्त बनाने तथा शहडोल नगर स्वच्छ एवं सुंदर हो इसके लिए जब रात्रि में लोग विश्राम करने चले जाते है तब हम सडको एवं गलियों की सफाई करते है । उन्होंने बताया कि नगर पालिका शहडोल द्वारा भी शासन के निर्देशानुसार समय समय पर सुविधाएं प्रदान की जाती है । हमें भी बीमारियो से बचाव हेतु ग्लब्स , बरसात से बचाव हेतु रैनकोट, जूते, ठंड से बचाव हेतु जैकेट आदि नगर पालिका व्दारा प्रदाय की जाती है। इसके लिए सफाई मित्र श्री राकेश बिरहा ने प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी, प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव एवं नगरपालिका शहडोल के अधिकारियों को तहे दिल से धन्यवाद दिया।

## सतना में पहला और अनोखा मामला

# 98 ग्राम के तोते की सर्जरी, 20 ग्राम का ट्यूमर निकाला



**सतना।** जिला मुख्यालय में डॉक्टरों ने एक तोते के ट्यूमर की सफलतापूर्वक सर्जरी की और उसकी जान बचाई। पशु चिकित्सालय में पदस्थ डॉक्टरों के अनुसार क्षेत्र में किसी पक्षी की सफल सर्जरी का यह संभवत: पहला और अनोखा मामला है। पशु चिकित्सालय द्वारा जारी प्रेस नोट में बताया गया है कि 20 साल के बेटू नाम के एक तोते की सर्जरी की गई। तोते का वजन 98 ग्राम है। पशु चिकित्सक डॉ बृहस्पति भारती और डॉ बालेन्द्र सिंह ने अपनी टीम के साथ उसके गले से 20 ग्राम का ट्यूमर निकाला है। जारी प्रेस नोट की माने तो मुख्त्यारगंज निवासी चंद्रभान विश्वकर्मा 20 साल पहले एक तोता घर लाए थे। उन्होंने उसे बेटू नाम दिया और अपने परिवार के सदस्य की तरह उसका पालन-पोषण किया। पिछले कई महीने से बेटू नामक तोते की तबीयत ठीक नहीं रहती थी। उसने बोलना और खाना-पीना भी कम कर दिया।इसके बाद चंद्रभान उसे वेटनरी हॉस्पिटल ले गए। डॉक्टरों ने जांच की तो पता चला कि बेटू (तोता) के गले में ट्यूमर है। ट्यूमर गर्दन से दाहिनी आंख की ओर बढ़ रहा था। डॉक्टरों ने सलाह दी कि ट्यूमर को निकालने के लिए सर्जरी करनी पड़ेगी। चंद्रभान इसके लिए तैयार हो गए। बेटू को बाकायदा पशु चिकित्सालय में भर्ती किया गया। डॉक्टरों की टीम ने सर्जरी शुरू की। लगभग 2 घंटे तक चले ऑपरेशन के बाद बेटू की गर्दन से 20 ग्राम का ट्यूमर निकाला गया। उसे जरूरी दवाएं दी गईं और चंद्रभान को बताया गया कि उसकी देखरेख कैसे करनी है। ट्यूमर को आगे की जांच के लिए पशु चिकित्सालय रीवा भेज दिया गया है।पशु चिकित्सक डॉ बालेंद्र सिंह ने बताया कि ऑपरेशन के बाद तोता पूरी तरह से स्वस्थ है। वह अब खाना भी खाने लगा है।

# 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान अंर्तगत आयोजित हुआ कार्यक्रम

**शहडोल।** जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला बाल विकास विभाग श्री मनोज लारोकर के मार्गदर्शन एवं डीएचईव्ही प्रभारी श्रीमती संजीता भगत के नेतृत्व में डिस्ट्रिक्ट हब फॉर एंपावरमेंट ऑफ़ वूमेन, 100 दिवसीय विशेष जागरूकता अभियान अंतर्गत 14वें सप्ताह सामुदायिक गतिशीलता अंतर्गत आज श्रीमती सपना पाण्डेय परामर्शदाता, भानुप्रिया केसवर्कर के द्वारा दिल्ली पब्लिक स्कूल बलपुरवा व शा0 पूर्व माध्यमिक विद्यालय घरौला मोहल्ला जिला शहडोल में उपस्थित होकर समस्त बालक व बालिकाओं को सामुदायिक गतिशीलता के तहत् तकनीकी शिक्षा औद्यौगिक प्रशिक्षण संस्था के बारे में बताया गया तथा छोटे बच्चों को गुड टच, बैड टच, बाल विवाह निषेध अधिनियम की जानकारी दी गई।

# शत प्रतिशत किसानों का करें पंजीयन : कलेक्टर

## किसानों के विक्रय पंजीयन हेतु कलेक्टर ने ली बैंक सखियों की बैठक

**शहडोल।** कलेक्टर डॉ. केदार सिंह ने आज कलेक्टर कार्यालय के विराट सभागार में किसानों के विक्रय पंजीयन हेतु जिले की बैंक सखियों की बैठक ली।

बैठक में कलेक्टर डॉक्टर केदार सिंह ने बैंक सखियों से कहा कि जिले के किसानों का शत-प्रतिशत पंजीयन होना चाहिए। कलेक्टर ने कहा कि किसानों का पंजीयन होने से किसान सीधे शासकीय खरीदी केन्द्र में अपना अनाज उचित मूल्य में विक्रय कर सकते हैं। उन्हे किसी अन्य व्यापारियों को कम मूल्य में अनाज विक्रय करने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।




उन्होनें कहा कि जिले की बैंक सखियां अपने अपने कार्य क्षेत्र में किसानों से मिले एवं किसानों को पंजीयन के लाभ के बारें में बताएं तथा उनका पंजीयन करना सुनिश्चित करें। कलेक्टर ने कहा कि जिले में अधिक से अधिक किसानों का पंजीयन करना है जिससे किसानों का इसका लाभ मिल सके। पंजीयन के समय किसी प्रकार की कोई समस्या आए तो संबंधित पटवारी, तहसील कार्यालय एवं कियोस्क सेंटरों से संपर्क स्थापित कर समस्या का निदान कर पंजीयन कार्य करें।

इस दौरान बैंक सखियों को किसान एप्प की जानकारी दी गई तथा किसान एप्प डाउनलोड कराकर किसानों का पंजीयन करने की सम्पूर्ण प्रक्रिया की भी जानकारी दी गई।

बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत सुश्री आर अंजली, जिला आपूर्ति नियंत्रक श्री विपिन पटेल, आजीविका मिशन से विष्णुकांत विश्वकर्मा सहित काफी संख्या में बैंक सखी उपस्थित रहीं।

# सिटी टाइगर

विन्ध्य टाइगर | सीधी, शुक्रवार 20 सितम्बर 2024 | 8


नगर पालिक निगम रीवा के मेयर-इन-काउंसिल की 21वीं बैठक महापौर अजय मिश्रा की अध्यक्षता एवं निगम आयुक्त डॉ0 सौरभ सोनवणे की उपस्थिति में सम्पन्न हुई। बैठक में विभिन्न कार्यसूचियों की चर्चा उपरांत निर्णय लिये गये।



## एडीबी का वैश्विक अनुभव मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने में सहयोगी होगा : उप मुख्यमंत्री

### एशियन डेवलपमेंट बैंक के प्रतिनिधि मंडल से सहयोग के विभिन्न क्षेत्रों में किया विमर्श

**रीवा।** उप मुख्यमंत्री श्री राजेंद्र शुक्ल ने कहा कि एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) द्वारा विगत कई वर्षों से जनहित के कार्यों में सहयोग प्रदान किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि एडीबी का वैश्विक अनुभव और सहयोग मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने में सहयोगी होगा। उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल से मंत्रालय वल्लभ भवन में एशियन डेवलपमेंट बैंक (एडीबी) के प्रतिनिधि मंडल ने सौजन्य भेंट की। उप मुख्यमंत्री ने प्रतिनिधि मंडल से स्वास्थ्य क्षेत्र में मध्यप्रदेश के साथ सहयोग के विभिन्न विषयों पर चर्चा की।



स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए विभिन्न अंत:क्षेपों पर किया गया मंथन - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने मध्यप्रदेश में स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के लिए एडीबी प्रतिनिधि मंडल से विभिन्न अंत:क्षेपों पर मंथन किया। एडीबी प्रतिनिधि मंडल द्वारा संचारी, गैर-संचारी रोगों के नियंत्रण, टीबी के उन्मूलन के लिए उन्नत डायग्नोस्टिक और नवीनतम उपचार प्रणाली में सहयोग सहित स्वास्थ्य नीतियों के सशक्तीकरण के लिए विभिन्न देशों में एडीबी द्वारा किए जा रहे प्रयासों का विवरण प्रदान किया गया। साथ ही भारत के विभिन्न राज्यों में स्वास्थ्य क्षेत्र में एडीबी द्वारा किए जा रहे सहयोगों पर विस्तार से चर्चा की गई और मध्यप्रदेश में सहयोग के क्षेत्रों पर विमर्श किया गया। उल्लेखनीय है कि मध्यप्रदेश में एडीबी द्वारा विगत 25 वर्षों में ऊर्जा, अधोसंरचना, शहरी विकास आदि क्षेत्रों में सहयोग प्रदान किया गया है। शिक्षा और स्वास्थ्य सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के सशक्त और दूरदर्शी नेतृत्व में भारत की अर्थव्यवस्था सशक्त हुई है। उन्होंने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य सर्वोच्च प्रधानमंत्री श्री मोदी के सर्वोच्च प्राथमिकता के विषय हैं। बच्चों और युवाओं को उत्कृष्ठ शिक्षा और हर नागरिक तक सहज, सुलभ चिकित्सकीय सेवाओं की उपलब्धता के लिए जन कल्याणकारी योजनाएँ संचालित हैं। इन सेवाओं को सशक्त और सहज उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए सतत प्रयास हो रहे हैं।

स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने के निरंतर हो रहे प्रयास - उप मुख्यमंत्री श्री शुक्ल ने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में अधोसंरचना विस्तार और अत्याधुनिक उपकरण की उपलब्धता सुनिश्चित की जा रही है। स्वास्थ्य सेवाओं को सशक्त करने में निजी भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए पीपीपी मोड पर 12 ज़िलों में मेडिकल कॉलेज स्थापना के प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र में कुशल मैनपावर उपलब्धता के लिए एमबीबीएस और विशेषज्ञ कोर्स की सीट में वृद्धि की गयी है। आगामी 2 वर्षों में स्वास्थ्य क्षेत्र में 25 हज़ार से अधिक मैनपावर की नियुक्ति प्रक्रियाधीन है। ग्रामीण क्षेत्रों में विशेषज्ञ की उपलब्धता सुनिश्चित करने के लिए निरंतर प्रयास किए जा रहे हैं।

एडीबी के प्रतिनिधि मंडल में डायरेक्टर हेल्थ (ह्यूमन एंड सोशल डेवलपमेंट साउथ एशिया) एडीबी डॉ एडवर्डो बंजॉन, डायरेक्टर (ह्यूमन एंड सोशल डेवलपमेंट साउथ एशिया) एडीबी श्रीमती जी सून सांग, प्रमुख स्वास्थ्य विशेषज्ञ एडीबी डॉ दिनेश अरोड़ा, वरिष्ठ स्वास्थ्य विशेषज्ञ एडीबी श्री निशांत जैन शामिल रहे। बैठक में प्रमुख सचिव स्वास्थ्य संदीप यादव, आयुक्त स्वास्थ्य तरुण राठी, अपर आयुक्त चिकित्सा शिक्षा डॉ पंकज जैन, ऐग्पा के एडिशनल सीईओ लोकेश शर्मा सहित विभागीय वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित रहे।

## दिव्यांगों को भर्ती का अवसर

**रीवा।** प्रधानमंत्री कालेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में स्वीपर के एक पद पर दिव्यांगजनों को भर्ती का अवसर दिया जा रहा है। यह पद दृष्टि बाधित अथवा कम दृष्टि निश्शक्तजन के लिए आरक्षित है। मध्यप्रदेश के मूल निवासी 18 से 45 आयु वर्ग के दृष्टि बाधित दिव्यांग अपने निश्शक्तता प्रमाण पत्र के साथ 30 सितम्बर को शाम 5.30 बजे तक महाविद्यालय के कार्यालय में जमा कर सकते हैं। चयन के लिए वॉक इन इंटरव्यू एक अक्टूबर को दोपहर 12 बजे से शासकीय आदर्श विज्ञान महाविद्यालय में दिया जाएगा।

## पुरानी सामग्रियों की नीलामी आज

**रीवा।** उपायुक्त सहकारिता ने बताया है कि कार्यालय में मौजूद पुरानी सामग्रियों की नीलामी आगामी 20 सितंबर को की जायेगी। इच्छुक व्यक्ति उपायुक्त सहकारिता कार्यालय शिल्पी प्लाजा ए ब्लाक तृतीय तल में 20 सितंबर को दोपहर 12 बजे उपस्थित होकर नीलामी की कार्यवाही में शामिल हो सकते हैं। उन्होंने बताया है कि कार्यालय की पुरानी टेबिल, कुर्सी, कूलर, टाइप राइटर, चद्दर पेटी एवं अन्य सामाग्री (जो जैसी स्थिति में है) की नीलामी की जायेगी।

## पटाखा दुकानों के लिए तत्काल प्रस्ताव दें : अपर कलेक्टर

**रीवा।** अपर कलेक्टर श्रीमती सपना त्रिपाठी ने कहा है कि पर्वों और त्यौहारों पर पटाखे चलाने और आतिशबाजी की परंपरा है। विशेषकर दीपावली और देव प्रबोधनी एकादशी पर आतिशबाजी की जाती है। जिले में शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में पटाखे और आतिशबाजी सामग्री की बिक्री के लिए अस्थाई लाइसेंस दिए जाते हैं। पटाखे तथा आतिशबाजी की अस्थाई दुकानों के लिए आयुक्त नगर निगम रीवा, सभी एसडीएम तथा सभी एसडीओपी स्थान निर्धारित करके तत्काल प्रस्ताव प्रस्तुत करें। अस्थाई दुकानों के लिए रीवा, लक्ष्मणपुर, अजगरहा, लौआ लक्ष्मणपुर, जेपी नगर नौवस्ता, दुआरी, दादर, गोविंदगढ़, डिहिया, टीकर, बैकुण्ठपुर, सिरमौर, मनगवां, लालगांव, कटरा, गढ़, भिटवा, पहरखा, गंगेव, मढ़ी, रघुराजगढ़, उलही, सेमरिया, बीड़ा, हिनौता, बरौं तथा शाहपुर में स्थान तय हैं। इसी तरह गुढ़, महसांव, पुरवा, रायपुर कर्चुलियान, त्योंथर, चिल्ला, सोहागी, चाकघाट, डभौरा, जवा, बरौली, अतरैला, पटेहरा एवं चौखण्डी स्थानों में स्थल निर्धारित करें। इन स्थानों में अस्थाई दुकान लगाने के लिए स्थल निर्धारित कर खसरा, नक्शा तथा अनापत्ति प्रमाण पत्र सहित प्रस्ताव एडीएम कार्यालय में प्रस्तुत करें।

## सहकारी बैंक की वार्षिक आमसभा 23 सितम्बर को

**रीवा।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित रीवा की 73वीं वार्षिक साधारण आमसभा की बैठक 23 सितम्बर को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की जा रही है। बैठक की अध्यक्षता बैंक की प्रशासक एवं कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल करेंगी। आमसभा प्रातः 11.30 बजे आरंभ होगी। मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने साधारण आमसभा के सभी अधिकृत प्रतिनिधियों से आमसभा में शामिल होने का अनुरोध किया है।

## कृषि विभाग में नि:शक्तजनों को 353 पदों में भर्ती का अवसर

**रीवा।** कृषि विभाग में 353 पदों पर निश्शक्तजनों को भर्ती का अवसर दिया जा रहा है। संचालक कृषि कल्याण एवं कृषि विकास द्वारा जारी विज्ञापन के अनुसार निश्शक्तजनों को कृषि विस्तार अधिकारी के 313 पदों तथा सहायक ग्रेड तीन के 40 पदों में भर्ती के लिए ऑनलाइन आवेदन 30 सितम्बर तक किया जा सकता है। भरे गए आवेदन में तीन अक्टूबर तक संशोधन करने की सुविधा रहेगी। आवेदक एमपीऑनलाइन के सेंटर में वेबसाइट डब्ल्यूडब्ल्यूडब्ल्यू डॉट एमपीऑनलाइन डॉट जीओभी डॉट इन के माध्यम से स्वयं आवेदन कर सकते हैं। एमपी ऑनलाइन के कियोस्क माध्यम से भी आवेदन पत्र दर्ज किया जा सकता है। इस भर्ती में कृषि विस्तार अधिकारी के पदों के लिए दृष्टि बाधित और कम दृष्टि वाले निश्शक्तजनों के लिए 76 पद, बधिर और कम सुनने वाले के लिए 81 पद, लोकोमेटर डिसेबिलिटी वाले निश्शक्तजनों के लिए 66 पद तथा बहुविकलांगता, ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, एसएलडी के लिए 90 पदों पर भर्ती का अवसर है। सहायक ग्रेड तीन में भर्ती के लिए दृष्टि बाधित और कम दृष्टि वाले निश्शक्तजनों के लिए 11 पद, बधिर और कम सुनने वाले के लिए 11 पद, लोकोमेटर डिसेबिलिटी वाले निश्शक्तजनों के लिए 8 पद तथा बहुविकलांगता, ऑटिज्म, बौद्धिक दिव्यांगता, एसएलडी के लिए 10 पदों पर भर्ती का अवसर है। उम्मीदवारों का चयन वॉक इन इंटरव्यू के माध्यम से किया जाएगा। भर्ती के संबंध में अन्य जानकारियाँ तथा शर्तों का विवरण किसान कल्याण एवं कृषि विकास विभाग की वेबसाइट एमपी कृषि डॉट एमपी डॉट जीओभी डॉट इन पर उपलब्ध है।

## आत्मा योजना अन्तर्गत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार हेतु आवेदन आमंत्रित

**रीवा।** आत्मा योजना के तहत सर्वोत्तम कृषक पुरस्कार के लिए कृषकों से आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। सर्वोत्तम कृषि संबंधी कार्यों हेतु कृषि, पशुपालन, उद्यानिकी, कृषि अभियांत्रिकी एवं मत्स्य पालन में नवाचार करने वाले प्रगतिशील कृषकों से 25 सितंबर तक आवेदन आमंत्रित किये गये हैं। उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा यूपी बागरी ने बताया कि जिला स्तर के पांच तथा विकासखण्ड स्तर के 45 कृषकों को पुरस्कृत किया जायेगा। प्रगतिशील कृषकों से अभिलेखीय आधार एवं क्रियान्वित गतिविधियों के फोटोग्राफ के साथ निर्धारित प्रपत्र में आवेदन उप संचालक सहपरियोजना संचालक आत्मा किसान कल्याण तथा कृषि विकास कार्यालय में नियत तिथि तक जमा किये जा सकते हैं।

### कलेक्टर ने सिलपरा-बेला सड़क निर्माण कार्य का किया निरीक्षण

## आगामी एक वर्ष में पूर्ण गुणवत्ता के साथ कार्य को पूरा करने के दिये निर्देश

**रीवा।** कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने सिलपरा से बेला तक बनाई जा रही 13.1 किमी. सड़क के निर्माण कार्य का निरीक्षण किया। 225 करोड़ रूपये की लागत से बनाई जाने वाली इस सड़क के बन जाने से रीवा शहर के चारों ओर रिंग रोड का निर्माण हो जायेगा और शहर में भारी वाहनों का प्रवेश नहीं होगा तथा यातायात के दबाव से मुक्ति मिलेगी। कलेक्टर ने निर्माण कार्य की अद्यतन स्थिति का मौके पर जाकर निरीक्षण किया तथा निर्देश दिये कि आगामी एक वर्ष में पूर्ण गुणवत्ता के साथ सड़क निर्माण का कार्य पूरा करें। कलेक्टर ने



सिलपरा में बनाये जा रहे अण्डरपास तथा आरओबी निर्माण में आ रहे व्यवधान को निराकृत करने के निर्देश एसडीएम हुजूर को दिये। उन्होंने निर्देशित किया कि भूमि का सीमांकन कराकर निर्माण कार्य के लिये एनएचएआई को अधिपत्य दिलायें। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने सिलपरा में अण्डरपास, पड़ोखर में आरओबी सहित बांसी में बनाये जा रहे सेतु निर्माण कार्य का अवलोकन किया। इस दौरान टीम लीडर एन.एच.ए.आई. ए.के. सिंह ने बताया कि वर्तमान समय में दो ब्रिाज, एक छोटा ब्रिाज, जीएसबी तथा हाइवे कोरेटर का कार्य प्रगति पर है। इसके साथ ही कैनाल ब्रिाज व अन्य छोटी-पुलियों का कार्य भी किया जा रहा है। इस कार्य को पूरा करने की समय सीमा मार्च 2026 नियत है परन्तु दो शिफ्ट में कार्य को तेजी से कराते हुए अक्टूबर 2025 तक पूरा करने के हर संभव प्रयास किये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान एसडीएम हुजूर वैशाली जैन तथा एनएचएआई के अधिकारी व निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## नव साक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा 22 सितम्बर को

**रीवा।** जिला साक्षरता मिशन के तहत उल्लास नव भारत साक्षरता कार्यक्रम चलाया जा रहा है। इसके तहत 22 सितम्बर को नव साक्षरों की मूल्यांकन परीक्षा निर्धारित केन्द्रों में आयोजित की जा रही है। रीवा और मऊगंज जिले के 75742 नव साक्षर इस परीक्षा में शामिल होंगे। इस संबंध में जिला प्रौढ़ शिक्षा अधिकारी नीरज नयन तिवारी ने बताया कि परीक्षा विकासखण्ड स्तर पर आयोजित की जा रही है। विकासखण्ड रीवा में 11105,



गंगेव में 5300, सिरमौर में 8100, त्योंथर में 17215, रायपुर कर्चुलियान में 5388, नईगढ़ी में 7432, हनुमना में 9296, जवा में 7116 तथा मऊगंज में 4790 नव साक्षर परीक्षा में शामिल होंगे। सभी केन्द्राध्यक्ष शासन द्वारा दिए गए निर्देशों के अनुसार सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक साक्षर मूल्यांकन परीक्षा आयोजित करें। नव साक्षरों के मूल्यांकन के लिए परीक्षा केन्द्र में समुचित व्यवस्था करें।

## ग्राम ऐतला टपरो के पेयजल स्त्रोतों का किया गया शुद्धीकरण

**रीवा।** बारिश के मौसम में ग्रामीणों को वर्षाजनित बीमारियों से बचाने के लिए लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग द्वारा पेयजल स्त्रोतों का शुद्धीकरण किया जा रहा है। इस संबंध में सहायक यंत्री रायपुर कर्चुलियान ने बताया कि विकासखण्ड की ग्राम ऐतला टेपरो के सभी स्त्रोतों पेयजल स्त्रोतों का शुद्धीकरण कराया गया। विकास तिवारी, अर्पित द्विवेदी तथा उग्रसेन पटेल ने गांव का भ्रमण कर स्कूल एवं आंगनवाड़ी केन्द्र के हैण्डपंप तथा निजी कुओं में सोडियम हाइड्रोक्लोराइड घोल डालकर पेयजल स्त्रोतों का शुद्धीकरण कराया। गांव के सभी हैण्डपंप वर्तमान में चालू हैं।

## रायपुर कर्चुलियान में हैण्डपंप सुधार के लिए कर्मचारी तैनात

### मोबाइल फोन पर सूचना देकर सुधरवाएं बिगड़े हैण्डपंप

**रीवा।** बिगड़े हैण्डपंपों में सुधार के लिए रायपुर कर्चुलियान विकासखण्ड में सेक्टरवार कर्मचारियों की तैनाती की गई है। इस संबंध में सहायक यंत्री लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग ने बताया कि उलही कला रघुराजगढ़ में जेके पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9424354391, गुढ़ में राधिका तिवारी मोबाइल नम्बर 6263552665 तथा नर्रहा रघुराजगढ़ में दिलीप शुक्ला मोबाइल नम्बर 9399830799 को तैनात किया गया है। इसी तरह बक्छेरा, गगहरा तथा मनकहरी क्षेत्र के लिए अर्पित द्विवेदी मोबाइल नम्बर 7697885502, इटौरा और सोनौरा क्षेत्र के लिए उग्रसेन पटेल मोबाइल नम्बर 9893759001 तथा पड़रा, लोहदवार क्षेत्र के लिए अशोक शर्मा 9302969562 को तैनात किया गया है। रायपुर कर्चुलियान में कार्यालय में यदुनाथ बौद्ध मोबाइल नम्बर 9229498445 तथा बरसैता क्षेत्र में वंशवर्धन पाण्डेय मोबाइल नम्बर 9098655026 को तैनात किया गया है। तैनात कर्मचारियों को दिए गए मोबाइल नम्बर पर बिगड़े हैण्डपंप की सूचना देकर हैण्डपंपों का सुधार कराया जा सकता है। आमजनता निर्धारित क्षेत्र में तैनात कर्मचारियों को हैण्डपंपों के सुधार की सूचना दें तथा हैण्डपंपों का सुधार कराएं।

## रोजगार मेला आज

**रीवा।** जिला रोजगार कार्यालय रीवा द्वारा 20 सितम्बर को प्रातः 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक जेएनसीटी कालेज रतहरा रीवा में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया है। इस संबंध में उप संचालक रोजगार अनिल दुबे ने बताया कि मध्यप्रदेश संकल्प योजना के तहत जिले के बेरोजगार युवक-युवतियों को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराने के लिए रोजगार मेले का आयोजन किया जा रहा है। रोजगार मेले में 8 कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों के लिए आयु एवं शैक्षणिक योग्यता के आधार पर युवक एवं युवतियों का चयन किया जाएगा। इच्छुक आवेदक रोजगार मेले में अपने साथ अंकसूची की प्रति, निवास प्रमाण पत्र, आधार कार्ड अथवा वोटर आईडी, समग्र आईडी, दो पासपोर्ट फोटो तथा रोजगार पंजीयन की जानकारी अवश्य लाएं। उप संचालक ने बताया कि रोजगार मेले में जीएमसी इंडिया लिमिटेड महसाणा फाटा अहमदनगर, केएसपीजी ऑटोमोटिव प्राइवेट लिमिटेड अहमदनगर, फिनोलेक्स इंस्ट्रीज लिमिटेड पुणे तथा क्लासिक व्हील्स लिमिटेड अहमदनगर महाराष्ट्र की कंपनियाँ शामिल हो रही हैं। इन कंपनियों में 18 से 35 वर्ष की आयु के युवाओं का ट्रेनीज पदों के लिए चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में प्रगतिशील बायोटेक रीवा, प्रगतिशील एग्रोटेक रीवा, एचडीएफसी लाइफ इंश्योरेंस कंपनी लिमिटेड रीवा तथा प्रसाद फर्टिलाईजर एण्ड बायोकेमिकल्स प्राइवेट लिमिटेड रीवा की कंपनियाँ भी शामिल हो रही हैं। इन कंपनियों में विभिन्न पदों के लिए आयु सीमा अलग-अलग निर्धारित की गई है। सभी 8 कंपनियों में निर्धारित शैक्षणिक योग्यता तथा वेतनमान पर युवाओं को रोजगार के अवसर उपलब्ध कराए जाएंगे।

## कलेक्टर ने चार अधिकारियों पर लगाया जुर्माना

**रीवा।** लोक सेवा गारंटी अधिनियम के तहत तय समय सीमा में प्रकरणों का निराकरण न करने पर कलेक्टर श्रीमती प्रतिभा पाल ने चार अधिकारियों पर अधिनियम के प्रावधानों के तहत जुर्माना लगाया है। लोक सेवा गारंटी में दर्ज प्रकरणों का समय सीमा में निराकरण न करने पर इन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस दिया गया था। नोटिस का संतोषजनक उत्तर न मिलने पर जुर्माने की कार्यवाही की गई है। जुर्माने की राशि को तीन दिवस की समय सीमा में जमा करने के निर्देश दिए गए हैं। इस संबंध में जारी अलग-अलग आदेशों के अनुसार कलेक्टर ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी सेमरिया श्रीमती सुषमा मिश्रा पर एक हजार रुपए, प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी बैकुण्ठपुर संतोष कुमार सिंह पर पाँच सौ रुपए, प्रभारी मुख्य कार्यपालन अधिकारी जनपद पंचायत जवा राहुल पाण्डेय पर एक हजार रुपए तथा प्रभारी मुख्य नगर पालिका अधिकारी त्योंथर संजय कुमार सिंह पर एक हजार रुपए का जुर्माना लगाया है।

## ग्राम पुरास में हर घर में नल से पहुंचा पानी, ग्रामवासी जमा कर रहे जल कर

**रीवा**

प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी के हर घर में नल से पानी पहुंचाने के संकल्प को जल जीवन मिशन की समूह नलजल योजनाओं तथा लोक स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग की एकल नलजल योजनाओं से पूरा किया जा रहा है। जिन गांवों में पेयजल के लिए हैण्डपंपों में ग्रामीणों को जद्दोजहद करनी पड़ती थी वहाँ अब हर घर में सुबह-शाम नल से स्वच्छ पेयजल उपलब्ध हो रहा है। ऐसा ही गांव विकासखण्ड रीवा का ग्राम पुरास है। ग्राम पुरास में हर घर में नल से मीठे और स्वच्छ पानी की आपूर्ति हो रही है। ग्रामवासी ग्राम पंचायत को 60 रुपए प्रतिमाह का जल कर भी खुशी-खुशी अदा कर रहे हैं। अब तक ग्राम पंचायत को 18 हजार रुपए जल कर की राशि प्राप्त हो चुकी है।



इस संबंध में कार्यपालन यंत्री पीएचई संजय पाण्डेय ने बताया कि जल जीवन मिशन से पुरास गांव में एक लाख 25 हजार लीटर क्षमता की उच्च स्तरीय टंकी और 30 हजार लीटर क्षमता का सम्पवेल बनाया गया है। पूरे गांव में पाइपलाइन बिछाकर हर घर में नल का कनेक्शन दिया गया है। पानी की आपूर्ति के लिए चार बोरवेल में सबमर्सिबल पंप लगाए गए हैं। इनके माध्यम से प्रतिदिन टंकी में पानी संग्रहित करके उसे वितरित किया जाता है। नलजल योजना का निर्माण गोविंद कन्सट्रक्शन द्वारा किया गया है। निर्माण कार्य पूरा होने तथा पानी आपूर्ति की टेस्टिंग के बाद विभाग ने नलजल योजना ग्राम पंचायत को सौंप दी है। पीएचई विभाग नलजल योजना के संचालन में ग्राम पंचायत को तकनीकी सहयोग प्रदान कर रहा है। जल जीवन मिशन ने ग्राम पुरास की पेयजल समस्या का अंत करके हर घर में नल से पानी की आपूर्ति की सौगात दी है।


स्वत्वाधिकारी प्रकाशक एवं मुद्रक राजेन्द्र तिवारी द्वारा एस आर के प्रिंटिंग प्रेस विवि रोड खुटेही रीवा से मुद्रित कर जीडीसी के सामने उत्तरी करौदिया सीधी से प्रकाशित। संपादक-राजेन्द्र तिवारी , आर.एन.आई नं. 47589/88 , डाक पंजीयन : **MP/SDL/DN/-30/2015-17,** दूरभाष : 09424315633,7389444833